हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 3 नवंबर 2026

RENAULT TRIBER TCe

WARRANTY 3 YEARS WARRANTY

100PS

RE-019-LT

VI

शुरुआती कीमत

₹7.84 L*

625L बूट स्पेस*

7 सीटर फ़ैमिली कार

21 kmpl फ़्यूल एफ़िशिएंसी

*the price mentioned above is the ex-showroom price for the Evolution Turbo variant, and may vary depending on the model/variant and features in the car. all Renault vehicles now come with standard warranty of 3 years or 100 000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. *21kmpl fuel efficiency as certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. the features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel/ government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in

Renault recommends Castrol

renault.co.in

SHOWROOMS: CHHATTISGARH: RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.



हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



राज्य अलंकरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का होगा सम्मान

अमित शाह की मौजूदगी में आज राज्योत्सव का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और लोकपरंपराओं के रंगों से सजे तीन दिवसीय राज्योत्सव का समापन 3 नवंबर को नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव मैदान पर होगा। समापन समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे, जबकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर ⏭शेष पेज 6 पर

महतारी वंदन योजना की 33वीं किस्त जारी करेंगे शाह

छत्तीसगढ़ की महिलाओं को राज्य सरकार बड़ी सौगात देने जा रही है। महतारी वंदन योजना की नवंबर की 33वीं किस्त 3 नवंबर को राज्योत्सव के दौरान जारी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य और सीएम विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 67 लाख 40 हजार 410 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 632 करोड़ 63 लाख 67 हजार 750 रुपये अंतरित किए जाएंगे।

वायु सेना का अद्भुत शौर्य, साहस और कौशल

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर नवा रायपुर का आसमान सोमवार को भारतीय वायु सेना के अदम्य शौर्य, साहस, अनुशासन और अद्भुत उड़ान कौशल का साक्षी बना। सेंध लेक में आयोजित भारतीय वायु सेना की विश्वप्रसिद्ध सारंग एयरोबेटिक डिस्प्ले टीम के भव्य एयर-शो में राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹104795/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹127990/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹139713/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand jewels Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

कोर्ट परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे, ठाणे, हिंगोली और बीड की जिला एवं सत्र अदालतों को सोमवार को परिसर में बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल मिले, जिसके बाद पुलिस ने तलाश अभियान चलाया। ठाणे, हिंगोली और बीड के अदालत परिसरों में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुणे के शिवाजीनगर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय में तलाश अभियान चलाया। ठाणे शहर में अदालत की इमारत को दोपहर में खाली करा लिया गया, क्योंकि कार्यालय को एक संदेश मिला था कि वहां दोपहर साढ़े तीन बजे बम विस्फोट होगा।

‘वोट चोरी’ के आरोपों को लेकर विपक्षी ‘इंडिया’ गठबंधन पर तीखा पलटवार

शाह की राहुल को चुनौती, कहा-संसद में आकर करें ईवीएम और घुसपैठिए पर बहस

‘वोट चोरी’ के आरोपों पर सियासी घमासान के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी ‘इंडिया’ गठबंधन को संसद में खुली बहस की चुनौती दी है। शाह ने विशेष सत्र बुलाने की पेशकश करते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि ईवीएम व घुसपैठियों के मुद्दे पर सरकार संसद में चर्चा के लिए तैयार है।

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को हैदराबाद में ‘लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ’ मार्च में शामिल हुए। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए ‘वोट चोरी’ के आरोपों को लेकर विपक्षी ‘इंडिया’ गठबंधन पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनौती दी कि वह इस मामले पर सदन में बहस करें। शाह ने दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई ‘इंडिया’ गठबंधन की रैली को ‘घुसपैठियों को बचाने’ वाली रैली बताते हुए, सवाल किया कि अगर ईवीएम ठीक नहीं हैं, तो कांग्रेस ने तेलंगाना समेत अन्य राज्यों में सरकारें कैसे ⏭शेष पेज 6 पर



शाह ने किया भाजपा की पदयात्रा का नेतृत्व

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के ‘लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ’ पदयात्रा का नेतृत्व किया। पदयात्रा के दौरान शाह हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लिए हुए थे। उनके साथ केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार तथा भाजपा की तेलंगाना इकाई के अन्य नेता मौजूद थे। पदयात्रा बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा से शुरू हुई, और यह मोजमजाही मार्केट पर संपन्न हुई। शाह के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी इस पदयात्रा में शामिल हुए।

इधर, राहुल ने पीएम को दी खुली बहस की चुनौती



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विपक्ष पर देश को अस्थिर करने के लिए विदेशी मदद लेने का आरोप लगाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सोमवार को पलटवार किया और उन्हें इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती दी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने मोदी पर विदेशी मदद से प्रधानमंत्री की कुर्सी हासिल करने का आरोप भी लगाया। राहुल ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, मोदीजी, देश से झूठ बोलना बंद कीजिए।

दिल्ली के बाद महादेव सट्टा एप के प्रमोटर को आज रायपुर स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा

महादेव सट्टे के प्रमोटर सौरभ दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओमान से प्रत्यार्पण कर भारत लाए गए सौरभ चंद्राकर को सोमवार को दिल्ली कोर्ट में पेश किया गया। लंबी बहस के बाद कोर्ट ने आरोपी की दो दिनों की ट्रांजिट रिमांड स्वीकृत करते हुए शाम पांच बजे के करीब फैसला सुनाया। महादेव सट्टा एप के प्रमोटर को मंगलवार को रायपुर में सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत प्रत्यर्पित किया गया है। वह महादेव ऑनलाइन बेटिंग ⏭शेष पेज 6 पर

हरिभूमि फॉलोअप

बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी का किया था विरोध

सुनवाई के दौरान सीबीआई द्वारा सौरभ चंद्राकर के लिए मांगी गई दो दिन की ट्रांजिट रिमांड का बचाव पक्ष के वकील ने विरोध किया था। बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि भारत सरकार ने ओमान से सौरभ चंद्राकर का प्रत्यर्पण प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) यानी ईडी के मामले के तहत करवाया था, न कि सीबीआई के मामले में। इसीलिए सीबीआई को इस तरह से हिरासत या ट्रांजिट रिमांड मांगने का कानूनी अधिकार नहीं है। महादेव सट्टा एप के प्रमोटर की सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी को पूरी तरह से अवैध और नियमों के खिलाफ बताते हुए कोर्ट से इसे खारिज करने की मांग की।

CHANDI BHANDAR®

This Diwali
presenting
Rangini

UPTO 50%* OFF ON MC

28th Oct - 8th Nov, 2026

T&C APPLY*





BEST EXCHANGE POLICY | CUSTOMIZATION AVAILABLE | FREE LIFETIME CLEANING | BEST VALUE FOR MONEY | TRY BEFORE YOU BUY | WIDEST RANGE OF SILVER PRODUCTS | HALLMARKED & QUALITY TESTED PRODUCTS

VIP ROAD:
SAFFRON CORPORATE, NEAR
MAKE IN INDIA SQUARE, TELIBANDHA, RAIPUR.
MOB 9124826840

PANDRI:
PLOT NO 10/2,10/3, MAIN ROAD JEEVAN
BIMA MARG, RAIPUR.
MOB 9124826841

छत्तीसगढ़ शासन | छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 सशक्त नारी, युवा उड़ान

राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव

समापन समारोह 2026



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार

अध्यक्षता
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि
श्री अरुण साव
माननीय उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
माननीय उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

एवं

समस्त माननीय मंत्री, सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

03 नवंबर 2026

सायं 6.00 बजे

राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

सुशासन समृद्धि समावेशी विकास

संवर रहा छत्तीसगढ़



पीएम आवास योजना
24.54 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को पक्की छत

रेलवे का विस्तार
₹54,000 करोड़ की रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन

डेस्टिनेशन छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ में पर्यटन को उद्योग का दर्जा ट्राइबल हेरिटेज व ईको टूरिज्म को बढ़ावा

जनजातीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन
बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक, बस्तर पण्डुम का निरंतर आयोजन

महतारी वंदन योजना
68 लाख महिलाओं को ₹20,708 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

कृषक कल्याणकारी योजनाओं से
₹1.5 लाख करोड़ से अधिक की राशि किसानों को अंतरित

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा
बस्तर-सरगुजा के 815 गाँवों तक सुलभ परिवहन सुविधा

शहीद वीर गुंडाधुर सेवा डेरा
75 सुरक्षा कैंप बन रहे सेवा के केंद्र

CM हेल्पलाइन 1076

सीएम हेल्पलाइन 1076
हर शिकायत की सुनवाई
हर समस्या का समाधान

सेवा सेतु
जनता के द्वार, डिजिटल सरकार

38 विभागों की 953 सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

त्रिवेदी बोले-कांग्रेस पार्टी और राहुल भारत विरोधी शक्तियों का मुखौटा बन गए हैं... खतरा पहचानिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी भारत विरोधी शक्तियों का मुखौटा बन गए हैं, हम इसलिए सावधान करना चाहते हैं कि इस मुखौटे पर मत जाइए, पीछे छुपे असली खतरे को पहचानिए। राहुल गांधी जाने-अनजाने में आज उन शक्तियों के टूल बन गए हैं पूरी तरीके से। श्री त्रिवेदी के साथ हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सार्थक संवाद किया। पेश हैं प्रमुख अंश-

⏭ आज भाजपा सफलता के जिस शिखर पर है, तो क्या आप मानते हैं कि नरेंद्र मोदी का नेतृत्व इतना चमत्कारिक है, इसलिए यह सफलता मिल गई, जो अटल जी या आडवाणी जी के दौर में नहीं थी?

⏭ देखिए, आपने जो बात कही, उसको थोड़ा और व्यापक फलक पर देखेंगे, तो थोड़ा एक्सपैंड करके, अटल जी-आडवाणी जी के युग से और पीछे जा के, पिछले 70 सालों में भारतीय जनसंघ और भाजपा का विस्तार देखिए। और यह जो कांग्रेस और राहुल गांधी कहने का प्रयास करती है कि साहब वो एंटी-इंकंबेंसी थी। अरे साहब, ऐसा नहीं है, हमारा ऑर्गेनिक राइज हुआ है। 50 का दशक, हम एक इर्रेलेवेंट पार्टी, अप्रासंगिक दल, हमें कोई पूछता नहीं था। 60 का दशक, 1966 में गो-रक्षा आंदोलन हमने किया और 67 के चुनाव में हमारे 35-35 सांसद जीत के आए। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में 96 एमएलए जीत के आए। और उत्तर भारत के अनेक राज्यों में हमने संविद सरकारें 1968-69 में बनाईं, यानी हम एक प्रासंगिक दल बने। 70 का दशक, हम जनता पार्टी के मुख्य घटक बने। अनेक राज्यों में हमारी गठबंधन सरकारों, तीन राज्यों में हमारे मुख्यमंत्री बने, जिसमें हिमाचल, राजस्थान और मध्य प्रदेश, और उस समय छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश का हिस्सा था। 80 का दशक, थोड़ा सा शुरुआत में दो-दो सीट वाला झटका आया, मगर लोग भूल जाते हैं, उस समय भी इन टर्म्स ऑफ परसेंटेज ऑफ वोट भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के बाद नंबर दो की पार्टी थी, हमारा 8% वोट था। वहां पे दूसरे नंबर की पार्टी इन टर्म्स ऑफ सीट्स तेलुगु देशम थी, 23 थी, मगर उसका परसेंटेज ऑफ वोट 2% के आसपास था। अब आप आइए, 80 के दशक का एंड आता है, हम 89 सीट की 86 सीट की पार्टी। और 91 में हम मुख्य विपक्षी दल। पहला गैर-कांग्रेसी दल जो 100 सीटों से ऊपर आया और हमने यूनिपोलर पॉलिटिक्स को बाईपोलर कर दिया। 90 के दशक का अंत आता है, अब गठबंधन के हम साथी नहीं हैं, गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं अटल जी के नेतृत्व में।

⏭ एक दमदार सरकार रहते हुए, भारतीय जनता पार्टी को 'लोकतंत्र बचाने' के संदर्भ में निकलना पड़ा, अराजकता हटाने' के संदर्भ में बात करनी पड़ रही है।

⏭ भारत का जिस प्रकार का राइज हो रहा है दुनिया में, देखिए, तीन बड़े ब्लॉक्स हैं अमेरिका, चाइना और यूरोप, तीनों जगह समस्या आ रही है। नेचुरली अब भारत के सामने संभावनाएं हैं, तो बहुत सी शक्तियां नहीं चाहतीं, उसमें देश के अंदर की भी, बाहर की भी, कि भारत उभरे। ⏭शेष पेज 6 पर

खबर संक्षेप

पीएम नीति आयोग के साथ करेंगे बैठक

नई दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को नीति




आयोग के नए नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान वह उन मुद्दों की जानकारी लेंगे, जिन पर आयोग के सदस्य काम कर रहे हैं। बैठक के दौरान नीति आयोग के सदस्य उन मुद्दों और नीतियों पर प्रस्तुतीकरण दे सकते हैं, जिन पर वे काम कर रहे हैं।

ट्रक-बाइक की टक्कर में मां-बेटे समेत 3 की मौत

लखीमपुर खीरी। यूपी के लखीमपुर खीरी जिले के मितौली कस्बे में शिवाला चौराहे के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला और उसके दो वर्षीय बेटे समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोहिनी (24), उसके बेटे अभ्यांश (2) और उनकी रिश्तेदार खुशबू (20) के रूप में हुई है।

अभिनेत्री नोरा फतेही को नया समन भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित ठग सुकेश



चंद्रशेखर की संलिप्तता वाले 200 करोड़ रुपए की जबरन वसूली के मामले में अभिनेत्री नोरा फतेही को एक बार फिर छह नवंबर को गवाह के तौर पर तलब किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गगनदीप सिंह ने अभिनेत्री के अदालत में पेश न होने पर नाराजगी जताते हुए उन्हें नया समन जारी किया है।

सड़क बनाते समय करंट से आठ मजदूरों की मौत

जयपुर। राजस्थान के झुंझुनू जिले में सोमवार को बिजली का करंट लगने से आठ मजदूरों की मौत हो गई और पांच लोग झुलस गए। पीएम ने झुंझुनूं हादसे पर शोक किया और शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। हादसे में झुलसे लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को दो-दो लाख की अनुग्रह राशि घायलों को 50-50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

विजयवाड़ा में 10 उड़ानें रद्द, चेन्नई में स्कूल बंद, दक्षिण ओडिशा में बाढ़ के हालात, आंध्र में उठी ऊंची लहरें

अर्नब के बाद मुरासु का खौफ, ओडिशा में भारी बारिश, छत्तीसगढ़ में भी बदला मौसम

आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु में सोमवार को चक्रवात का असर दिखा। आंध्र के नेल्लोर के मयपाडु बीच पर समुद्र में ऊंची लहरें उठीं और तेज हवाएं चलीं। विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर 10 उड़ानें रद्द कर दी गई। ओडिशा में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात बने हैं। इधर, छत्तीसगढ़ में भी मौसम का मिजाज बदल गया और दिन भर बादलों की लुकाछिपी के बीच रायपुर में हल्की बूंदाबांदी हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भुवनेश्वर/रायपुर

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात 'मुरासु' के भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होने के बाद ओडिशा सरकार ने सोमवार को संवेदनशील इलाकों से लोगों को निकालने का काम तेज कर दिया। ओडिशा सरकार ने गंजाम, गजपति, रायगड़ा, कोरापुट और मलकानगिरी जिलों से लोगों को हटाया। मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी चक्रवात का असर दिख सकता है। इन राज्यों में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की आशंका है। चक्रवात के प्रभाव से दक्षिणी ओडिशा में भारी बारिश होने का अनुमान है। चक्रवात के पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के तट पर आने का अनुमान है। ⏭शेष पेज 6 पर

छत्तीसगढ़ में छाए रहे बादल, कहीं-कहीं हुई बूंदाबांदी



आंध्र प्रदेश में एनडीआरएफ की तीन टीमें तैनात

चक्रवात से निपटने के लिए एनडीआरएफ की चौथी बटालियन की तीन टीमें तमिलनाडु के रणिपेट जिले में अरक्कोनम के पास नागरिककुप्पम से रवाना की गई हैं। इन टीमों में 90 जवान शामिल हैं। इन्हें आंध्र प्रदेश के नेल्लोर, प्रकाशम और मार्कापुरम में राहत और बचाव कार्यों के लिए तैनात किया गया है। चक्रवात का सबसे ज्यादा असर बापटला, कृष्णा और प्रकाशम जिलों में पड़ने की आशंका है।

तमिलनाडु ने आंध्र को भेजी मदद

तमिलनाडु सरकार ने आंध्र प्रदेश में चक्रवात मुरासु से बाधित बिजली की आपूर्ति बहाल करने में मदद को लेकर पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के अनुरोध पर बिजली विभाग के 500 कर्मियों की 25 टीम भेजी है। तमिलनाडु के बिजली मंत्री आर. निर्मल कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने बिजली बहाली में मदद के लिए पड़ोसी राज्य में जरूरी उपकरण भी भेजे हैं।

चेन्नई में 24 घंटे में 11 सेमी बारिश

चेन्नई में पिछले 24 घंटे के दौरान माधवरम में सबसे ज्यादा 11 सेमी बारिश दर्ज की गई। एन्नोर पोर्ट और नुंगमबक्कम में 10-10 सेमी बारिश हुई। शहर के 22 सबवे में से दो में पानी भर गया। चेन्नई नगर निगम ने जलभराव से निपटने के लिए पंप और फील्ड टीमों को तैनात किया है। तिरुवल्लूर के पझावेर्कांडु में समुद्र में करीब 6 फीट ऊंची लहरें उठ रही हैं।

इमरान को हाईकोर्ट की फटकार

भारत में रहते हो, कमाते हो तो नागरिकता क्यों नहीं लेते?

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेता इमरान खान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय की ओर से जारी 'लीव इंडिया नोटिस' को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।



इस दौरान अदालत ने इमरान खान के ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड और कथित विरोध प्रदर्शन में उनकी भूमिका को लेकर कड़े सवाल उठाए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी और जस्टिस अद्वैत एम. सेठना की पीठ ने कहा कि ओसीआई कार्डधारकों को भारत में प्रदर्शन करने का अधिकार नहीं है। अदालत ने यह भी सवाल किया कि भारत में जन्म लेने, काम करने और रहने के बावजूद इमरान खान भारतीय नागरिकता क्यों नहीं लेते।

कोर्ट ने कहा- साबित करना होगा कि प्रदर्शन में शामिल नहीं थे

सुनवाई के दौरान अदालत ने इमरान खान के पक्ष से पूछा कि वे यह कैसे साबित करेंगे कि वह प्रदर्शन का हिस्सा नहीं थे। पीठ ने कहा कि केवल बयान देने से बात पूरी नहीं होती, बल्कि संबंधित दावों को स्पष्ट करना होगा। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि यदि इमरान खान माफी मांगते हैं, तो वह बिना किसी शर्त के होनी चाहिए।

हाईकोर्ट में सभी याचिकएं खारिज

जीएसटी विभाग के 42 पूर्व सब इंस्पेक्टरों को झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीएसटी विभाग के 42 पूर्व सब इंस्पेक्टरों को हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। मामले के मुताबिक वर्ष 2021-22 के दौरान सीमित भर्ती परीक्षा के माध्यम से लिपिकीय वर्ग से 42 कर्मचारियों को वाणिज्यिक कर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया था। जांच के दौरान इनकी उत्तर पुस्तिकाओं में समानता और चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। गड़बड़ी सामने आने के बाद राज्य सरकार ने पूरी प्रक्रिया की जांच के लिए कमेटी का गठन किया था। जांच कमेटी ने पूरी प्रक्रिया को दूषित और दोषपूर्ण ⏭शेष पेज 6 पर

- विभागीय परीक्षा के बाद लिपिक से बने थे सब इंस्पेक्टर, बाद में प्रमोशन प्रक्रिया हुई थी रद्द



उत्तर-पुस्तिकाओं में एक जैसे जवाब लिखे गए

जांच रिपोर्ट के आधार पर राज्य कर आयुक्त ने परीक्षा और उसके आधार पर हुए चयन को रद्द कर दिया। इसके साथ ही 42 कर्मचारियों को वाणिज्यिक निरीक्षक पद से हटाकर उनके मूल लिपिक पद पर भेजने के आदेश दिए थे। जांच समिति ने पाया कि कई चयनित अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं में एक जैसे जवाब लिखे गए थे। कुछ जवाब मॉडल आंसर ⏭शेष पेज 6 पर

दो महीने में फैसला करना होगा

अब जमानत मामलों में नहीं चलेगी 'तारीख पर तारीख'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमानत मामलों में देरी खत्म करने और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हाईकोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। कोर्ट ने सभी अधीनस्थ अदालतों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसके तहत जमानत और अग्रिम जमानत याचिकाओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसओपी के अनुसार, जमानत याचिकाओं का दाखिल होने की तारीख से यथासंभव दो महीने के भीतर निपटारा करना होगा। पक्षकारों के कारण होने वाली देरी को इसका अपवाद माना गया है। प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा जारी महत्वपूर्ण नोटिफिकेशन के मुताबिक ⏭शेष पेज 6 पर

- हाईकोर्ट के प्रभारी रजिस्ट्रार ने जारी किया महत्वपूर्ण नोटिफिकेशन

अनावश्यक गिरफ्तारी पर रोक

जारी नोटिफिकेशन में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 7 साल से कम सजा वाले मामलों में धारा 41 और 41A के प्रावधानों (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 35) का कड़ाई से पालन करें। यदि आरोपी जांच में पूरा सहयोग कर रहा है, तो चार्जशीट दाखिल करते समय या अदालत में पेशी के वक्त उसे जबरन गिरफ्तार करने की ⏭शेष पेज 6 पर



सेंसेक्स 1,233 अंक चढ़ा, निफ्टी 388 अंक मजबूत

बाजार की ऊंची उड़ान, निवेशकों की बल्ले-बल्ले

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी आई। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में जोरदार लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,233 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी निवेशकों के पूंजी प्रवाह और घरेलू अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेतकों से भी बाजार धारणा मजबूत हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,233.25 अंक यानी 1.66 प्रतिशत चढ़कर 75,692.78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 387.70 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,440.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 11.64 प्रतिशत की जोरदार तेजी आई।

अलग खबर

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में बंपर तेजी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के जुलाई-सितंबर तिमाही में रिकॉर्ड 29,550 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज करने के बाद कंपनी का शेयर सोमवार को करीब 12 प्रतिशत चढ़ गया। यह सात अप्रैल, 2020 के बाद कंपनी के शेयर के लिए सबसे अच्छा कारोबारी सत्र रहा।



इन सेक्टरों में दिखी सबसे ज्यादा खरीदारी

निफ्टी के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज करने वाले शेयरों में शामिल रहे। दूसरी ओर, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में कमजोरी देखने को मिली। सेक्टर के लिहाज से ऑयल एंड गैस, मेटल और पीएसयू बैंक शेयरों में अच्छी खरीदारी रही।

निवेशकों की दौलत में करीब 8 लाख करोड़ का इजाफा


शेयर बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों को एक ही दिन में करीब 8 लाख करोड़ रुपए का फायदा हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर करीब 482.41 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। शुक्रवार, 30 अक्टूबर को बाजार बंद होने के समय यह आंकड़ा 474.37 लाख करोड़ रुपए था।

चिंतन

उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना जरूरी

दीपावली रोशनी, उल्लास और खुशियों का पर्व है। यह अंधकार पर प्रकाश और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है, लेकिन उत्सव की उमंग जब दूसरों की सांसों पर भारी पड़ने लगे तो आत्ममंथन जरूरी हो जाता है। पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला इसी संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में 7 और 8 नवंबर को निर्धारित समय में केवल ग्रीन पटाखे जलाने की ही अनुमति दी है। अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नो-क्रैकर जोन बनाने के निर्देश भी दिए हैं। यह फैसला उत्सव पर रोक नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदारी के दायरे में रखने का प्रयास है। सवाल है कि हर साल दीपावली पर पटाखों को लेकर अदालत को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? क्या त्योहार मनाने के लिए नागरिक जिम्मेदारी का भाव इतना कमजोर हो गया है कि न्यायिक आदेशों की जरूरत पड़ने लगी है? दिल्ली-एनसीआर पहले ही वायु प्रदूषण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों की धूल और पराली का धुआं हवा की गुणवत्ता बिगाड़ते हैं। ऐसे में पटाखों का अतिरिक्त धुआं स्थिति को और भयावह बना सकता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भुगतना पड़ता है। प्रदूषण किसी एक घर या मोहल्ले तक सीमित नहीं रहता, उसका असर पूरे समाज पर पड़ता है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट के हवाले से अदालत में बताया गया कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 20.1 लाख से अधिक मौतें हुईं। यह आंकड़ा समाज को झकझोरने के लिए पर्याप्त है। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन किसी की सेहत और जीवन की कीमत पर नहीं। इसलिए उत्सव और पर्यावरण में संतुलन रखना बेहद जरूरी है। ग्रीन पटाखे भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते। इसलिए इनके नाम पर असीमित आतिशबाजी की छूट नहीं होनी चाहिए। असली और नकली ग्रीन पटाखों की पहचान, प्रमाणित उत्पादों की बिक्री और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अदालत ने सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही पटाखे चलाने की अनुमति दी है। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों और अधिसूचित साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में रोक तथा शैक्षणिक संस्थानों को नो-क्रैकर जोन घोषित करने का निर्देश महत्वपूर्ण है। प्रशासन को इन क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान करनी होगी और पुलिस व प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों को निगरानी रखनी होगी। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी जरूरी है। विराट कोहली जैसी लोकप्रिय हस्तियों से प्रदूषण रहित दीपावली की अपील करवाने का सुझाव भी सराहनीय है। खिलाड़ियों, कलाकारों, सामाजिक संगठनों और शिक्षण संस्थानों को जागरूकता अभियान से जोड़ना चाहिए। हालांकि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई केवल दीपावली तक सीमित नहीं रह सकती। वाहनों, उद्योगों, निर्माण स्थलों और कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण पर सालभर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। दीपावली पर दीप जलाना हमारी परंपरा है और खुशियां मनाना हमारा अधिकार। मगर दूसरों की सांसों की सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। पटाखों का शोर कुछ क्षणों का आनंद देता है, जबकि उसका धुआं लंबे समय तक परेशानी पैदा कर सकता है। इस बार संकल्प होना चाहिए कि घरों में दीपों की रोशनी बढ़े, लेकिन हवा में जहर नहीं।

इजराइल में जनादेश का गतिरोध



सत्ता संघर्ष
ओमकार चौधरी

इजराइल के संसदीय चुनाव ने एक बार फिर देश को राजनीतिक अनिश्चितता के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। दूसरी ओर, नेतन्याहू विरोधी दलों के पास संयुक्त रूप से 67 सीटें हैं, मगर वैचारिक मतभेदों के कारण वे भी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं दिख रहे। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की सीटें 10 से बढ़कर 19 हो गई हैं, जिससे उनका महत्व बढ़ा है। सैन्य सेवा, न्यायिक सुधार, गाजा युद्ध और फलस्तीनी प्रश्न पर गहरे मतभेद गठबंधन की राह रोक रहे हैं। राष्ट्रपति की पहल के बाद ही स्पष्ट होगा कि नई सरकार बनेगी या इजराइल फिर चुनाव में जाएगा।

इजराइल में राजनीतिक अस्थिरता का समाधान केवल चुनाव प्रणाली बदलने या किसी एक दल के अधिक सीटें जीतने से नहीं जुड़ा है। मूल चुनौती विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक समूहों के बीच ऐसी सहमति विकसित करने की है, जिससे सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सके। फिलहाल 27 अक्टूबर के जनादेश ने किसी को स्पष्ट सत्ता नहीं सौंपी है। राष्ट्रपति की पहल और दलों के बीच होने वाली बातचीत तय करेगी कि इजराइल को नई गठबंधन सरकार मिलती है या देश एक बार फिर चुनाव की ओर बढ़ता है। इजराइल में 27 अक्टूबर 2026 को हुए संसदीय चुनावों ने एक बार फिर राजनीतिक गतिरोध पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत उनके पास नहीं है। दूसरी ओर विपक्षी दलों की संयुक्त ताकत नेतन्याहू को सत्ता से बाहर रखने के लिए पर्याप्त है, लेकिन उनके बीच वैचारिक सहमति का अभाव है। इस चुनाव में अरब राजनीतिक दलों की ताकत लगभग दोगुनी होने से सत्ता का समीकरण और जटिल हो गया है। वे सरकार गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन विपक्ष के कई प्रमुख नेता उनका समर्थन लेने के लिए तैयार नहीं हैं। इजराइल की 120 सदस्यीय संसद नेसेट में सरकार बनाने के लिए 61 सांसदों का समर्थन चाहिए। इस चुनाव में लिकुड को 27, पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़नकोट की याशार पार्टी को 21 और पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के ब'याखाद गठबंधन को 12 सीटें मिली हैं। अरब दलों की जॉइंट लिस्ट ने 11 और मंसूर अब्बास की राआम ने आठ सीटें जीती हैं। द डेमोक्रेट्स को आठ, अविग्दोर लिबरमैन की इस्राइल बेतेनु को सात, यूनाइटेड तोराह जूडाइज्म को सात, इतामार बेन-गवीर की ओत्ज़मा येहुदित को सात, शास को छह और रिलिजियस ज़ायोनिज़्म–जेहुत गठबंधन को छह सीटें मिली हैं।

नेतन्याहू के दक्षिणपंथी और धार्मिक सहयोगियों के पास कुल 53 सीटें हैं। आइज़नकोट और उनके संभावित सहयोगियों की संख्या 48 है, जबकि अरब नेतृत्व वाले दलों के पास 19 सीटें हैं। अर्थात नेतन्याहू के विरोध में 67 सांसद हैं, लेकिन उनमें से सभी एक साझा सरकार के लिए तैयार नहीं हैं। यही वर्तमान गतिरोध का मूल कारण है। किसी दल को संसद में प्रतिनिधित्व पाने के लिए कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट प्राप्त करने होते हैं। इस व्यवस्था में धार्मिक, राष्ट्रवादी, उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और अरब समुदायों के छोटे दल भी संसद में पहुंचते हैं। इजराइल के इतिहास में किसी एक राजनीतिक दल को अपने बूते 61 सीटें नहीं मिली हैं। इसलिए गठबंधन सरकार वहां राजनीतिक अनिवार्यता है। कई बार पांच-सात सीटों वाला छोटा दल भी सरकार बनाने या गिराने की स्थिति में आ जाता है, लेकिन धार्मिक परंपराओं, राष्ट्रीय सुरक्षा, न्यायपालिका, सैन्य सेवा और फलस्तीनी प्रश्न पर दलों के बीच इतने गहरे मतभेद हैं कि गठबंधन स्थायी नहीं रह पाते। वर्ष 2019 से 2022 के बीच इजराइल में पांच संसदीय चुनाव हुए। जून 2021 में नफ्ताली बेनेट और याइर लापिद ने नेतन्याहू-विरोधी दलों को एकजुट करके सरकार बनाई।



इसमें पहली बार मंसूर अब्बास की राआम जैसी स्वतंत्र अरब पार्टी भी औपचारिक रूप से शामिल हुई। लेकिन वैचारिक मतभेदों के कारण यह सरकार लगभग एक वर्ष में गिर गई। उसके बाद नेतन्याहू फिर सत्ता में लौट आए। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय घटनाक्रम अरब राजनीतिक दलों की सफलता है। वर्ष 2022 में इन्हें कुल दस सीटें मिली थीं, जबकि इस बार 19 सीटें मिली हैं। जॉइंट लिस्ट और राआम ने मिलकर लगभग आठ लाख चालीस हजार वोट प्राप्त किए, जो पिछले चुनाव से करीब 64 प्रतिशत अधिक हैं। इजराइल की आबादी में अरब नागरिकों की हिस्सेदारी लगभग पांचवां हिस्सा है। हालांकि सभी अरब दलों की राजनीति एक जैसी नहीं है। मंसूर अब्बास की राआम पहले भी यहूदी नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो चुकी है। जॉइंट लिस्ट के विभिन्न घटकों की इजराइल की राष्ट्रीय पहचान और फलस्तीनी प्रश्न पर अलग राजनीतिक स्थितियाँ हैं। इसलिए उनकी 19 सीटों को किसी एक गठबंधन का सुनिश्चित समर्थन मानना सही नहीं होगा। नेतन्याहू के लिए इस बार चुनावी परिणाम झटका हैं। वर्ष 2022 में उनकी लिकुड ने 32 सीटें जीती थीं। इस बार वह 27 पर सिमट गई। उनके सहयोगी गठबंधन की संख्या भी पिछली संसद में एक समय 68 तक पहुंचने के बाद अब 53 रह गई है। इसके कई कारण रहे। सबसे बड़ा मुद्दा 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किया गया हमला था, जिसने इजराइल की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था की गंभीर कमियां उजागर की थीं।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़नकोट और नेतन्याहू मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बना सकते हैं? आइज़नकोट ने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने को प्रमुख उद्देश्य बनाया था। चुनाव के बाद भी उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह नेतन्याहू के अधीन सरकार में शामिल नहीं होंगे। यहां तक कि बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने की व्यवस्था को भी उन्होंने स्वीकार नहीं किया है। नफ्ताली बेनेट और अविग्दोर लिबरमैन भी नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने का विरोध कर चुके हैं। आइज़नकोट ने संभावित सहयोगियों के लिए चार सिद्धांत निर्धारित किए हैं। पहला, इजराइल को यहूदी, लोकतांत्रिक, उदार और समानतापूर्ण राज्य के रूप में स्वीकार करना होगा। दूसरा, स्वतंत्रता की घोषणा में व्यक्त मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। तीसरा, सभी नागरिकों के लिए सैन्य, राष्ट्रीय अथवा नागरिक सेवा का दायित्व स्वीकार करना होगा। चौथा, हमास को आतंकवादी संगठन मानते हुए गाजा में उसकी सैन्य और शासन-संचालन क्षमता समाप्त करने के उद्देश्य का समर्थन करना होगा। गठबंधन के तीन प्रमुख विकल्प हैं। पहला, आइज़नकोट 19 अरब सांसदों का समर्थन लेकर 67 की संख्या तक पहुंचें। इसके लिए बेनेट और लिबरमैन जैसे नेताओं को सहमत करना होगा। दूसरा, शास और यूनाइटेड तोराह जूडाइज्म के 13 सांसदों को साथ लेकर 61 का बहुमत बनाया जाए। लेकिन सैन्य भर्ती के प्रश्न पर समझौता आवश्यक होगा। तीसरा, नेतन्याहू और विपक्ष के कुछ दल राष्ट्रीय एकता सरकार बनाएं। इसके लिए प्रधानमंत्री पद, न्यायिक सुधार, सुरक्षा नीति और 7 अक्टूबर के हमले की जांच जैसे विषयों पर सहमति बनानी पड़ेगी। चुनाव परिणामों का औपचारिक प्रमाणन 4 नवंबर तक निर्धारित है। इसके बाद राष्ट्रपति दलों से परामर्श करके किसी सांसद को सरकार बनाने का अवसर देंगे। पहले उम्मीदवार को सामान्यतः 28 दिन मिलते हैं और आवश्यकता पड़ने पर 14 दिन का विस्तार संभव है। असफल होने पर दूसरे नेता को अवसर दिया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विडंबना
योगेश कुमार सोनी




वर्चस्व की लड़ाई में उलझते जा रहे वकील और पुलिस के पेशे

दिल्ली की कानून व्यवस्था में पुलिस और वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पुलिस का दायित्व कानून का पालन कराना, अपराधों पर अंकुश लगाना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जबकि वकील न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। दोनों पेशों का उद्देश्य अलग-अलग जिम्मेदारियों के माध्यम से एक ही लक्ष्य को हासिल करना है। कानून का शासन और जनता को न्याय, लेकिन जब इन दोनों पेशों के बीच आपसी सम्मान, संवाद और कार्यक्षेत्र की मर्यादा को लेकर विवाद खड़ा होने लगे, तब यह केवल दो पक्षों का टकराव नहीं रह जाता, बल्कि पूरी न्याय एवं कानून व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगते हैं। शाहदरा में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ और शाहदरा थानाध्यक्ष के तबादले के बाद सामने आए घटनाक्रम ने इसी व्यापक बहस को जन्म दिया है। शाहदरा में पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद एसीपी मनस्वी वशिष्ठ द्वारा मोर्चा खोले जाने के घटनाक्रम ने पुलिस और वकीलों के संबंधों को लेकर चर्चा तेज कर दी है। हालांकि, इस पूरे मामले में संबंधित पक्षों के आधिकारिक वक्तव्यों, विभागीय आदेशों और विवाद की परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि के बिना किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक अधिकारी और नागरिक को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। साथ ही, किसी भी विवाद की वास्तविकता सामने लाने के लिए तथ्यों, साक्ष्यों और निष्पक्ष जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि किसी अधिकारी को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है या किसी कार्रवाई में नियमों का पालन नहीं किया गया, तो उसके पास अपनी बात रखने के लिए विभागीय और कानूनी मंच उपलब्ध हैं। इसी प्रकार, यदि किसी वकील को पुलिस की किसी कार्रवाई से आपत्ति है, तो वह भी कानून के दायरे में रहकर शिकायत दर्ज करा सकता है। लेकिन जब किसी विवाद में व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, पेशेवर पहचान या वर्चस्व का प्रश्न हावी होने लगता है, तो समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने लगती है। पुलिस अधिकारी को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी होती है। उसे शिकायतकर्ता, आरोपी, गवाह और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। किसी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकता। यदि कोई वकील किसी मामले में पक्षकार है या किसी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहा है, तो उसके पेशे के कारण उसे कानून से अलग कोई विशेष छूट नहीं मिलती। दूसरी ओर, वकील न्याय व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। उन्हें अपने मुवक्किलों के अधिकारों की रक्षा करने, कानूनी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने और किसी अनुचित कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार भी कानून और पेशेवर आचरण की सीमाओं के भीतर ही प्रभावी होता है। पुलिस के काम में वैधानिक हस्तक्षेप और पुलिस की किसी कार्रवाई पर कानूनी आपत्ति जताना दो अलग-अलग बातें हैं। इसी प्रकार, पुलिस की वर्दी किसी अधिकारी को मनमानी करने का अधिकार नहीं देती। पुलिस और वकीलों के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं है। कानून के अलग-अलग पक्षों की व्याख्या करते समय असहमति हो सकती है, लेकिन असहमति और टकराव में अंतर है। असहमति व्यवस्था को बेहतर बना सकती है, जबकि व्यक्तिगत संघर्ष व्यवस्था की ऊर्जा और संसाधनों को नष्ट करता है। कानून के सामने सभी समान हैं। न पुलिस का पद कानून से ऊपर है और न वकील का पेशा। दोनों को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी पक्ष के साथ अन्याय होने पर निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान होना चाहिए। अंततः, सवाल यह नहीं है कि शाहदरा में किसका वर्चस्व स्थापित होगा, बल्कि यह है कि कानून, निष्पक्षता और जनता के विश्वास की जीत कैसे सुनिश्चित होगी। यदि पुलिस और वकील अपनी-अपनी पेशेवर मर्यादा को प्राथमिकता देते हुए संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया का रास्ता अपनाते हैं, तो विवादों का समाधान संभव है। लेकिन यदि हर मतभेद प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता रहा, तो नुकसान किसी एक अधिकारी, वकील या विभाग का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का होगा जिससे आम नागरिक न्याय और सुरक्षा की उम्मीद करता है।लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती किसी व्यक्ति के प्रभाव से नहीं, बल्कि उनके निष्पक्ष कामकाज से तय होती है। इसलिए समय की मांग है कि वर्चस्व की लड़ाई के बजाय कानून के सम्मान, जवाबदेही और संस्थागत समन्वय को प्राथमिकता दी जाए। यही पुलिस और वकील, दोनों के पेशे की गरिमा और जनता के विश्वास को बनाए रखने का सबसे प्रभावी रास्ता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।


ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

अंतर्मन



आज की पाती

मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका

आधारित चैटबॉट लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों की उलझन या भावनात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका बढ़ने वाली है। *- प्रकाश पटेल, रायगढ़*

ट्रेंड

टूलकिट बने राहुल



राहुल गांधी उन ताकतों की एक टूलकिट है, जिन्होंने नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति पैदा की। वह उन ताकतों का नेतृत्व कर रहे हैं, जो पूरे देश में अराजकता लाना चाहता है। उनके पास कोई विजन नहीं है। **-नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

मोदीजी झूठ बोलना बंद करें



मोदीजी इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। मै आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच किसी भी समय हिम्मत है तो सामने आइये। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

'डबल इंजन' ने धोखा दिया



उत्तराखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रदेश की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को छलने का काम किया है। ध्वस्त कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल, सत्ता का अहंकार और जवाबदेही से लगातार पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति ने प्रदेश की जनता को निराश किया है। **-मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस अध्यक्ष

एक्सपोज हुई आप



आम आदमी पार्टी जनता के सामने एक्सपोज हो चुकी है। पंजाब में भाजपा के पक्ष में एक अंडरकरंट है और आम आदमी पार्टी के खिलाफ बहुत मजबूत सत्ता विरोधी लहर (एंटी इनकंबेंसी) है। इसी वजह से आप के नेता भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं।
-सतीश पूनिया, भाजपा के पंजाब प्रभारी

करंट अफेयर

पाक में पोलियो टीकाकरण के लिए 8 हजार पुलिसकर्मी तैनात

पाकिस्तान के कराची शहर में एक सप्ताह तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान के दौरान टीकाकरण दलों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 8,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दो से आठ नवंबर तक चलने वाला यह अभियान पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में भी शुरू किया गया है। इनमें बलूचिस्तान प्रांत भी शामिल है, जहां 31 जिलों में टीकाकरण दल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काम कर रहे हैं। यह घटनाक्रम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर जिले में पोलियो का एक नया मामला सामने आने की राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा पुष्टि किए जाने के एक दिन बाद हुआ है। कराची के आयुक्त सैयद हसन नकवी ने कहा कि टीकाकरण दलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि पूर्व में टीकाकरण अभियानों के दौरान सुरक्षा संबंधी घटनाएं और हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं तथा सुरक्षा मजबूत करने के लिए औचक जांच के साथ मोटरसाइकिल से गश्त भी बढ़ा दी गई है। पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान अक्सर हिंसा की घटनाओं से प्रभावित होते रहे हैं।



ऑफ बीट

मंगल के 4.1 अरब साल पुराने उल्कापिंड का रहस्य किया उजागर

नासा ने मंगल ग्रह पर 13 ऐसी जगहों का पता लगाया है, जहां से तेघाजा 001 उल्कापिंड आया हो सकता है। यह पत्थर माली के सहारा रेगिस्तान में 2022 में मिला था और यह करीब 4.1 अरब साल पुराना है। इसी वजह से यह पृथ्वी पर मिले मंगल के सबसे पुराने उल्कापिंडों में से एक है। वैज्ञानिकों ने मंगल ऑर्बिटर से मिले डाटा की मदद से इसके खनिजों का मिलान मंगल ग्रह के उन क्षेत्रों से किया है, जो ज्यादातर प्राचीन दक्षिणी उच्चभूमि (हाइलैंड्स) में आते हैं। मंगल की दक्षिणी उच्चभूमि सबसे पुरानी जमीनों में से एक है, जिसमें ग्रह के शुरुआती दिनों के अहम सुराग छिपे हैं। तेघाजा 001 में मिले अजीब ज्वालामुखी खनिज ये संकेत देते हैं कि यह मंगल के ऐसे हिस्से से आया है, जिसके नमूने हमने पहले कभी नहीं लिए हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि एक एस्ट्रोयड के टकराने से यह मंगल से उछलकर पृथ्वी तक अपनी लंबी यात्रा पर आया होगा। हालांकि, यह किस खास क्षेत्र से आया था, यह अभी भी एक रहस्य है, जिसे वे सुलझाने की उम्मीद कर रहे हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर

मंगलवार 3 नवंबर 2026

कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी

वर्ष : 26, अंक : 224

पृष्ठ : 12+6+8 = 26 मूल्य : 5.00***

मौसम

अधि. 30.3

न्यून. 22.5


हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

ज्यादा फ्लाइट फिर भी दिल्ली का किराया बढ़ा, भोपाल से आने का फेयर 10 हजार



दिल्ली की सात फ्लाइट फिर कम नहीं

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से दिल्ली के बीच नियमित रूप से सात फ्लाइट का संचालन होता है। यही नहीं, यही एकमात्र शहर है जहां इंडिगो एयरलाइंस के चार के अलावा यात्रियों के पास एयर इंडिया की तीन उड़ानों का विकल्प भी है। यात्रियों की संख्या अधिक होने की वजह से सात फ्लाइट भी कम पड़ती है, इसलिए दोनों शहरों के बीच का किराया दस हजार से कम सामान्य दिनों में भी नहीं हो पाता।

लौटना भी पड़ेगा भारी

ज्यादा पैसे खर्च कर घर आने वाले परिवार और विद्यार्थियों को त्योहार के बाद लौटने के लिए महंगा टिकट खरीदना होगा। ऑनलाइन एप के मुताबिक अभी से पुणे, बेंगलुरु, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे शहरों का फेयर 15 से 18 हजार के बीच हो चुका है। जानकारों का कहना है कि इन शहरों में छत्तीसगढ़ के काफी लोग रहते हैं। हैदराबाद को छोड़कर अन्य शहरों के लिए यहां संचालित होने वाली फ्लाइट की संख्या भी एक-दो ही है।

पहले से बुक हो चुकी 50 फीसदी सीटें, शेष का किराया लगातार बढ़ रहा

धनतेरस की उड़ानें महंगी, हैदराबाद से आने का खर्च 18 हजार, पुणे का किराया 20 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

ट्रेनों में नो रूम जैसी स्थिति होने की वजह से धनतेरस के दिन विभिन्न शहरों से रायपुर आने का एयर फेयर आसमान पर पहुंच चुका है। हैदराबाद जैसे शहर से आने के लिए 18 हजार का खर्च है, तो पुणे से आने वाले छात्रों को 20 हजार रुपए तक देने पड़ रहे हैं।

धनतेरस के दिन के पचास फीसदी टिकट पहले बिक चुके हैं, इसलिए शेष का दाम लगातार बढ़ रहा है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दिल्ली से रायपुर आने के लिए सबसे ज्यादा फ्लाइट है, इसके बाद भी शुक्रवार यानी धनतेरस के दिन का फेयर 15 से 18 हजार के बीच हो चुका है और विमानन कंपनियां फ्लेक्सिबल सिस्टम का फायदा उठाते हुए बची सीटों का किराया और बढ़ा सकती हैं। स्पेशल ट्रेन चलने के बाद भी लंबी दूरी वाली किसी भी ट्रेन में कन्फर्म बर्थ का मिलना मुश्किल है। कामकाज के सिलसिले में बाहर रहने वाले परिवार को त्योहार मनाने घर आना जरूरी है, इसलिए बढ़े कीमत में भी टिकटों की बुकिंग करानी पड़ रही है। ऑनलाइन बुकिंग एप के मुताबिक शुक्रवार यानी धनतेरस के दिन अहमदाबाद से रायपुर आने ⏭शेष पेज 6 पर



धनतेरस के दिन रायपुर आने का किराया

दिल्ली	15 से 18 हजार
मुंबई	16 से 17 हजार
पुणे	13 से 15 हजार
बेंगलुरु	16 से 18 हजार
भोपाल	14 हजार
हैदराबाद	17 से 18 हजार

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का मास्टर कूपन

कल के अंक में देखें।

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

40.6 लाख रुपए का मादक पदार्थ जब्त

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 40.68 लाख रुपए मूल्य की 'मेफेड्रोन' जब्त की है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में किया चार दिवसीय समिट का उद्घाटन

छत्तीसगढ़ में होगा 5.60 लाख करोड़ का निवेश 15 हजार मेगावाट ग्रीन एनर्जी बनाने का लक्ष्य

भारत के ऊर्जा भविष्य को नई दिशा देने वाले वैश्विक मंच भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं एक्सपो-2026 में छत्तीसगढ़ ने अपनी निवेश क्षमता और महत्वाकांक्षी ऊर्जा योजनाओं के साथ मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में चार दिवसीय समिट का उद्घाटन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों की उच्चस्तरीय राउंड टेबल बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ का ऊर्जा विजन प्रस्तुत करते हुए अगले पांच वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में 5.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश की रूपरेखा साझा की। उन्होंने निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को राज्य में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा ⏭शेष पेज 6 पर

130 से अधिक देशों के वैश्विक ऊर्जा समिट में छत्तीसगढ़ की दमदार मौजूदगी



बायोगैस, एथेनॉल और परमाणु ऊर्जा पर भी नजर

मुख्यमंत्री साय ने कृषि अपशिष्ट, गोबर और अन्य जैव संसाधनों के उपयोग से कंप्रेस्ड बायोगैस, बायो-एथेनॉल और ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की संभावनाओं को भी रेखांकित किया। राज्य में 80 मीट्रिक टन क्षमता के आठ कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्रों की स्थापना पर काम चल रहा है, जिनमें लगभग 800 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। निजी निवेशकों के करीब 6,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों पर भी काम किया जा रहा है।

पंप स्टोरेज, बैटरी और सौर ऊर्जा में बड़े अवसर

ऊर्जा आपूर्ति को अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए राज्य में 12,300 मेगावाट क्षमता की 10 पंप स्टोरेज जलविद्युत परियोजनाएं चिह्नित की गई हैं, जिनमें लगभग 65 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इसके अलावा आगामी दो वर्षों में 10,000 मेगावाट-घंटा क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियां स्थापित करने की योजना है। राजनांदगांव में 100 मेगावाट सौर परियोजना के साथ 40 मेगावाट/120 मेगावाट-घंटा की बैटरी भंडारण प्रणाली पहले से संचालित है। राजनांदगांव जिले का खेरा गांव छत्तीसगढ़ का पहला पूर्ण सोलर गांव बन गया है। गांव के सभी 141 घरों की छतों पर 2 किलोवाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। इससे गांव में 282 किलोवाट बिजली बनेगी। खास बात यह है कि 93 प्रधानमंत्री आवास भी सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे हैं और ग्रामीणों को कोई खर्च नहीं करना पड़ा।

आयुष्मान योजना में झोलझाल

16 निजी अस्पतालों पर बड़ा एक्शन एक से तीन साल तक किया बैन

- एसएनए ने 30 सितंबर को मारा था छापा, 19 हास्पिटल थे जांच के दायरे में
- तीन हास्पिटल छोड़कर बाकी पर एक्शन, रायपुर के आठ अस्पताल शामिल

रायपुर। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में गड़बड़ी करने वाले 16 प्रायवेट अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मरीजों की खरीदी, गलत पैकेज से उपचार, अतिरिक्त पैसे लेने सहित अन्य आरोप सही पाए जाने पर उन्हें एक से तीन साल के लिए योजना से बाहर कर दिया गया है। स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने 30 सितंबर को कार्रवाई करते हुए कई अस्पतालों में छापा मारा था। इस दौरान 19 अस्पतालों को जांच के दायरे में लाया गया था। लंबी जांच के बाद तीन को छोड़कर बाकी 16 पर कार्रवाई ⏭शेष पेज 6 पर

किस तरह की गड़बड़ी और कार्रवाई

स्वामी चंद्रशेखरानंद अस्पताल, जगदलपुर:- ट्रैक्टर से गिरकर घायल हुए मरीज के इलाज में हेपेटाइटिस का पैकेज ब्लॉक, 3 साल बैन

श्रीनिवास अस्पताल गुढ़ियारी:- एजेंट के जरिए मरीज मंगाए, सामन्य शिकायतों पर हृदय और किडनी फेल्योर का पैकेज ब्लॉक, 3 साल बैन

वरदान अस्पताल, शंकर नगर:- मध्यप्रदेश से मरीज मंगाए, निमोनिया के मरीज बताकर ⏭शेष पेज 6 पर

ARTEMIS शांति HOSPITAL

OUR SPECIALITY IS YOU



माननीय मुख्य अतिथि

श्री अमित शाह जी

केंद्रीय गृह मंत्री, भारत सरकार

के कर-कमलों द्वारा

बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन और नई उम्मीदों का आगाज़।

आर्टेमिस शांति अस्पताल के नए सफर की शुरुआत,
रायपुर में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की ओर एक नया कदम।

300+ बेड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

11 विशेष चिकित्सा केंद्र

सभी प्रमुख चिकित्सा सेवाएँ

उच्च स्तरीय अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित

अपाइंटमेंट : 0771-4301111

आपातकालीन : 0771-4301100

www.artemishospitals.com

लोकेशन के लिए स्कैन करें

एक नई मंज़िल, एक नई शुरुआत

लोकार्पण समारोह

आर्टेमिस शांति अस्पताल

देवेंद्र नगर, पंडरी, रायपुर

मंगलवार, 3 नवम्बर, 2026

गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में।

विशिष्ट अतिथिगण

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री किरण सिंह देव
प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के माननीय उपमुख्यमंत्रीगण

श्री अरुण साव | श्री विजय शर्मा

श्री श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री
छत्तीसगढ़

श्री बृजमोहन अग्रवाल
लोकसभा सांसद
रायपुर, छत्तीसगढ़

श्री पुरंदर मिश्रा
विधायक, रायपुर नगर
उत्तर विधानसभा क्षेत्र

श्री ओंकार एस. कंवर
चेयरमैन, आर्टेमिस अस्पताल एवं अपोलो टायर्स लिमिटेड

डॉ. देवलीना चक्रवर्ती
मैनेजिंग डायरेक्टर, आर्टेमिस अस्पताल

डॉ. कमलेश अग्रवाल
डायरेक्टर, आर्टेमिस शांति अस्पताल



छत्तीसगढ़ बनने के बाद बिजली उपभोक्ता बढ़े ढाई गुना और खपत बढ़ी साढ़े चार गुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ को राज्य बने 26 साल हो रहे हैं। इन 26 सालों में प्रदेश में बिजली के उपभोक्ताओं की संख्या में 48 लाख का इजाफा हुआ है। राज्य बनने के समय प्रदेश में 2000 में बिजली के उपभोक्ताओं की संख्या 19 लाख से भी कम थी। यह संख्या अब 67 लाख के पार हो गई है। यानी उपभोक्ताओं की संख्या में ढाई गुना इजाफा हुआ है। इसी के साथ बिजली की खपत में भी साढ़े चार गुना इजाफा हो चुका है। पहले खपत 1309 मेगावाट थी, जो अब 73 सौ मेगावाट के पार हो चुकी है। कृषि पंपों की संख्या भी छह लाख तक पहुंच गई है। इसी के साथ अस्थाई कृषि पंप भी ढाई लाख से ज्यादा हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद प्रदेश में बिजली की रफ्तार से ही बिजली के उपभोक्ता बढ़े हैं।



- 2000 में थे 19 लाख उपभोक्ता, अब संख्या पहुंची 67 लाख के पार
- खपत का ग्राफ भी ऐसा बढ़ा कि 13 सौ से पहुंची 73 सौ मेगावाट के पार

इसी के साथ सुविधाओं का भी विस्तार हुआ है। जब अपना राज्य अलग हुआ था, तो उस समय प्रदेश में निम्न दाब के महज 1890998 उपभोक्ता थे जो आज बढ़कर 67 लाख के पार हो गए हैं। उच्च दाब के उपभोक्ता महज 530 थे जो अब बढ़कर 4177 हो गए हैं। यानी राज्य बनने के बाद यहां पर उद्योगों में भी भारी संख्या में इजाफा हुआ है।

कृषि पंपों में दस गुना इजाफा


छत्तीसगढ़ बनने के पहले प्रदेश में महज 73369 कृषि पंप थे। कृषि पंपों में दस गुना इजाफा हुआ है। इसकी संख्या में प्रदेश में भाजपा शासनकाल में तब भारी संख्या में इजाफा होना प्रारंभ हुआ, जब कृषि पंपों के लिए मुफ्त बिजली योजना का प्रारंभ किया। इसके बाद से लगातार कृषि पंपों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस समय स्थाई कृषि पंपों की संख्या छह लाख से ज्यादा है। इसी के साथ अब अस्थाई पंप कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। पहले राज्य में एक भी अस्थाई कृषि पंप नहीं था, लेकिन अब ढाई लाख से ज्यादा अस्थाई कृषि पंपों के कनेक्शन हैं। इसी के साथ सोलर कृषि पंपों के कनेक्शन अलग से हैं।

बिजली की खपत साढ़े चार गुना बढ़ी

छत्तीसगढ़ राज्य अलग हुआ था, तब प्रदेश में बिजली की खपत महज 1309 मेगावाट थी, तब प्रदेश में बिजली का उत्पादन भी महज 1360 मेगावाट होता था। राज्य के अलग बनने के बाद से ही प्रदेश में जहां एक तरफ तेजी से उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हुआ, वहीं बिजली की खपत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। पहली बार बिजली की खपत 2003 में दो हजार मेगावाट के पार होकर 2335 मेगावाट तक पहुंची। इसके बाद 2013 में खपत तीन हजार मेगावाट के पार और 2018 में चार हजार मेगावाट के पार गई। 2023 में खपत ने पांच हजार मेगावाट का आंकड़ा पार किया। 2024 में खपत जहां छह हजार मेगावाट के पार पहुंची, वहीं 2025 में खपत से सात हजार मेगावाट को पार किया। अब इस साल खपत 73 सौ मेगावाट के पार हो गई है।

अपना उत्पादन तीन हजार मेगावाट

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। मड़वा में 500 मेगावाट के दो संयंत्र हैं। इसी के साथ कोरबा में 210 मेगावाट के चार और एक पांच सौ मेगावाट का संयंत्र है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र में 250 मेगावाट के दो संयंत्र हैं। इसी के साथ बांगो में 40 मेगावाट के 3 पानी के संयंत्र हैं। इन संयंत्रों से रोज 25 से 26 सौ मेगावाट का ही उत्पादन होता है। कभी कोई संयंत्र खराब हो गया तो उत्पादन दो हजार से 22 सौ मेगावाट हो जाता है।



सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर

प्रदेश में बिजली की जितनी डिमांड रहती है उसको पूरा करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से बिजली ली जाती है। सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर है। इस बार गर्मी में खपत 73 सौ मेगावाट के पार गई तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेकर पूर्ति की गई थी। इसी के साथ पॉवर कंपनी को स्थानीय निजी उत्पादकों से भी बिजली मिलती है। दूसरे राज्यों से भी एक्सचेंज में बिजली लेते हैं। कुल मिलाकर जितनी डिमांड रहती है उसको पूरा करने का काम किया जाता है।

पीडब्ल्यूडी के सरकारी पदों पर अब आउटसोर्सिंग से नियुक्ति

ड्रायवर-चौकीदार के सभी पद सेवा प्रदाता के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्ति की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राज्य सरकार ने विभाग के पदों का युक्तियुक्तकरण और पुनर्गठन करते हुए वाहन चालक तथा चौकीदार के सभी पद सेवा प्रदाता (आउटसोर्सिंग) के माध्यम से भरने का प्रावधान किया है। वहीं भृत्य के 70 प्रतिशत पद भी सेवा प्रदाता के माध्यम से भरे जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने 29 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया है।

- भृत्य के 70 प्रतिशत पद भी आउटसोर्सिंग से भरे जाएंगे

भृत्य के 770 पदों में 70 प्रतिशत आउटसोर्सिंग–लोक निर्माण विभाग में भृत्य के 770 पद निर्धारित किए गए हैं। इनमें 30 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से तथा 70 प्रतिशत पद सेवा प्रदाता के माध्यम से भरे जाएंगे। विभाग में पहले से 226 भृत्य कार्यरत थे और 544 पद रिक्त थे। पुनर्गठन के बाद भृत्य के कुल पदों की संख्या में बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन नियुक्ति के माध्यम में बदलाव किया गया है।

डाटा एंट्री ऑपरेटर के आधे पद सीधी भर्ती से–डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों की संख्या 109 से बढ़ाकर 150 कर दी गई है। इनमें 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत पद सेवा प्रदाता के माध्यम से भरे जाएंगे। इस संवर्ग में पहले 26 कर्मचारी कार्यरत थे और 83 पद रिक्त थे।

वाहन चालक और चौकीदार के सभी पद आउटसोर्सिंग से

विभाग में वाहन चालक के कुल 50 पद निर्धारित किए गए हैं। इनमें 100 प्रतिशत पद सेवा प्रदाता के माध्यम से भरे जाएंगे। इसी तरह चौकीदार के 12 पदों पर भी 100 प्रतिशत नियुक्ति सेवा प्रदाता के माध्यम से होगी। आदेश में इन पदों को नियमित सीधी भर्ती के बजाय सेवा प्रदाता के माध्यम से भरने की व्यवस्था की गई है।

1,047 स्वीकृत पदों का पुनर्गठन

सरकार ने लोक निर्माण विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के स्वीकृत पदों का युक्तियुक्तकरण करते हुए कुल पदों की संख्या 1,047 से घटाकर 1,023 निर्धारित की है। इस प्रक्रिया में 20 पद मृत संवर्ग(डाइंग कैडर) में डाले गए, 102 पद समर्पित किए गए और 78 नए पद बढ़ाए गए हैं। नए सृजित पदों को सेवा प्रदाता के माध्यम से कलेक्टर दर पर भरे जाने का प्रावधान किया गया है। पुनर्गठन के संबंध में वित्त विभाग ने 30 सितंबर 2026 को सहमति प्रदान की थी। सरकार ने लोक निर्माण विभाग के अराजपत्रित सेवा भर्ती नियम 2016 में आवश्यक संशोधन की कार्यवाही अलग से करने का भी निर्णय लिया है।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के जरिए विद्यार्थियों को दिए जाएंगे कॅरियर टिप्स

रायपुर। राज्योत्सव के जरिए उच्च शिक्षा विभाग युवाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों को आधुनिक शिक्षा, डिजिटल तकनीक, नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास के विषय में जानकारी दे रहा है। विद्यार्थियों को एक ही परिसर में विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान, तकनीकी सुविधाओं और करियर के अवसरों की जानकारी दी जा रही है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर विकल्पों को समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

उच्च शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा), सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी), डिजिलॉकर और अन्य डिजिटल शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पीएम-उषा के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थानों में अधोसंरचना और शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के जरिए महाविद्यालयों में आधुनिक शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्हें कॅरियर टिप्स भी इसकी सहायता से दिए जा रहे हैं।

ग्रामीण युवाओं को भी समान अवसर

एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट से विद्यार्थियों के शैक्षणिक क्रेडिट का डिजिटल प्रबंधन और डिजिलॉकर के माध्यम से शैक्षणिक दस्तावेजों को सुरक्षित रखनेएवं आवश्यकता अनुसार प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध हो रही है। उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च शिक्षा को नई तकनीक, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है। राज्योत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों की सहभागिता से विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर शिक्षा और कॅरियर की संभावनाओं की जानकारी मिल रही है। यह पहल युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और भविष्य के लिए सही दिशा चुनने में सहायक होगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान रूप से बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं, उचित मार्गदर्शन और आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने की कोशिश की जा रही है।

महिला पंच आई हाईटेंशन तार की चपेट में, मौके पर हुई मौत

महासमुंद। सामाजिक भवन की रंगाई पुताई के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आने से महिला पंच की मौत हो गई। घटना महासमुंद जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कुकराडीह की है। घटना के बाद ग्राम में शोक व्याप्त है। दीपावली की खुशियां मातम में तब्दील हो गई। पुलिस के अनुसार सोमवार को 32 वर्षीय मृतका कालिंद्री कंवर गांव के सामाजिक भवन में रंग-रोगन (रंगाई- पुताई) का काम कर रही थीं। काम खत्म करने के बाद जब वह लोहे की सीढ़ी को हटा रही थीं। तभी सीढ़ी भवन के पास से गुजरी हाई-वोल्टेज 11 केवी बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। तार से सीढ़ी का संपर्क होते ही करंट का इतना तेज झटका लगा कि पंच कालिंद्री कंवर को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। कालींद्री गांव के वार्ड क्रमांक 3 की पंच भी थी।



पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही तुमगांव थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों के बयानों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

अचानक हुए हादसे से ग्रामीण स्तब्ध और आक्रोशित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सामाजिक भवन के पास से गुजर रही इस खतरनाक 11 केवी बिजली लाइन को लेकर वे पहले भी कई बार बिजली विभाग से लिखित और मौखिक शिकायत कर चुके थे। लोगों की मांग थी कि इस लाइन को सुरक्षित दूरी से निकाला जाए या इसे व्यवस्थित किया जाए। ग्रामीणों ने हादसे के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि समय रहते विभाग ने सुध ली होती, तो आज एक हंसता-खेलता परिवार इस तरह नहीं उजड़ता।

रेनोवेशन के लिए खाली कराने पड़ रहे दफ्तर, कई विभागों के कामकाज पर असर

रायपुर। रायपुर कलेक्टोरेट की तीन मंजिल बिल्डिंग में चल रहे रेनोवेशन कार्य का असर विभिन्न विभागों के दफ्तरों के कामकाज पर पड़ रहा है। रेनोवेशन काम के लिए दफ्तरों को खाली कराना पड़ रहा है, जिसके कारण अधिकारी और कर्मचारी भी दफ्तर में बैठ नहीं पा रहे हैं। कुछ दफ्तरों के कर्मचारियों को तो दूसरे विभागों के दफ्तर में बैठकर तथा घर से भी काम करना पड़ रहा है। हालांकि अधिकारियों एवं कर्मचारियों में रेनोवेशन काम को लेकर खुशी व्याप्त है। एक अधिकारी ने कहा कि बिल्डिंग एवं दफ्तरों में रेनोवेशन की काफी आवश्यकता थी। सालों से बिल्डिंग में रेनोवेशन का काम नहीं हुआ है।

लगभग महीनेभर से चल रहा रेनोवेशन का काम

कलेक्टोरेट की तीन मंजिल बिल्डिंग में रेनोवेशन का काम लगभग माहभर से चल रहा है। इसकी शुरुआत बिल्डिंग के टाउन हॉल की तरफ पूरी तरह जर्जर हो चुके बाथरूम वाले हिस्से को तोड़कर की गयी। इस हिस्से को तोड़कर इसे दोबारा निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद अब बिल्डिंग के सेकेंड एवं फर्स्ट फ्लोर के दफ्तरों की मरम्मत की जा रही है। मरम्मत के साथ सभी कमरों के दरवाजा-चौखट तथा खिड़कियों को भी बदला जा रहा है। इसके अलावा सालों पुरानी हुई बिजली वायरिंग भी बदली गई है। कई जगह बिजली वायरिंग के बॉक्स क्षतिग्रस्त हो गए थे। उनकी जगह नए लगाए गए हैं।

ग्राउंड फ्लोर पर टाइल्स भी बदली जा रही

ग्राउंड फ्लोर पर अधिकारियों के कमरों से लेकर दफ्तरों एवं बरामदे में लगी टाइल्स को भी निकालकर उनकी जगह नई टाइल्स लगाई जा रही है। इसके अलावा कमरों के चौखट-दरवाजों के साथ लोहे की खिड़कियां भी बदली जा रही हैं। ग्राउंड फ्लोर के मुख्य लोहे के गेट व खिड़की भी जर्जर हो चुके हैं, जिन्हें बदला जा रहा है। देखा जाए तो रेनोवेशन में दफ्तरों को चकाचक किया जा रहा है।

दीपावली पूर्व महंगाई भत्ते का एरियर्स भुगतान नहीं होने पर प्रदेश व्यापी आंदोलन

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने केंद्र सरकार के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत स्वीकृत करने की मांग की है। दीपावली पूर्व महंगाई भत्ते का एरियर्स का भुगतान नहीं होने पर फेडरेशन प्रदेश व्यापी आंदोलन करने बाध्य होगा।

फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा है कि महंगाई भत्ते के मामले में कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से लाभ नहीं मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। एक राज्य एक समान डीए लागू करने की मांग को लेकर फेडरेशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव और मुख्य सचिव को मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया है। फेडरेशन के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारी विकास यात्रा एवं सुशासन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद महंगाई भत्ते के मामले में कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान देय तिथि से लाभ नहीं मिलना समझ से परे है। महंगाई पूरे देश में समान रूप से प्रभाव डालती है, ऐसे में महंगाई भत्ते के भुगतान में अलग-अलग मापदंड अपनाना कर्मचारियों के साथ न्यायसंगत नहीं है। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार मध्यप्रदेश की तर्ज पर दीपावली के पूर्व महंगाई भत्ते का एरियर्स सहित भुगतान नहीं करती है, तो फेडरेशन प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। मांगों का समर्थन कमल वर्मा, चंद्रशेखर तिवारी,पवन कुमार शर्मा, बीपी शर्मा, रोहित तिवारी, राजेश चटर्जी, पंकज पाण्डेय, संजय सिंह, आरके रिछारिया, सतीश मिश्रा, जीआर चंद्रा, केदार जैन, रविन्द्र राठौर, कैलाश चौहान, रमेश ठाकुर, टारजन गुप्ता, अश्विनी चेलक, संजय सिंह ठाकुर, प्रशांत दुबे, भागवत कश्यप, आलोक नागपुरे, मनीष ठाकुर, ऋतु परिहार, आरएन ध्रुव, जय कुमार साहू आदि ने किया है।

- छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने दी चेतावनी

राशिफल

मेष आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

धनु मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

मकर शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कुंभ भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

मीन मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

रुपए की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में इजाफा होने से कम हुए सोने और चांदी के दाम

रायपुर। सोने और चांदी के दाम इस साल रिकॉर्ड स्तर पर गए हैं, लेकिन अब अचानक धनतेरस से पहले सोने और चांदी के दाम में लगातार कमी आ रही है। इसके पीछे का सबसे कारण भारतीय रुपए का मजबूत होने के साथ ही अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में इजाफा होना है। इसके कारण सोना जहां इस समय एक लाख 42 हजार हो गया है, वहीं चांदी के दाम एक लाख 85 हजार रुपए हो गए हैं। आने वाले समय में भी रुपया इसी तरह से मजबूत रहा, तो सोने के दाम और कम हो सकते हैं। सोमवार को भी रुपए छह पैसे मजबूत हुआ है।




सोने के दाम के पीछे का गणित रुपए पर ज्यादा निर्भर रहता है। अक्टूबर में रुपया 95.76 रुपए के स्तर पर चला गया था। ऐसे में सोने के दाम ज्यादा हो गए थे, लेकिन इसके बाद रुपए में मजबूती का दौर चल रहा है। 30 अक्टूबर को रुपए 33 पैसे मजबूत होकर 94.93 रुपए पर आ गया था। इसके बाद बाजार बंद होने पर रुपए 94.95 रुपए पर बंद हुआ था। सोमवार को बाजार खुलने पर रुपए छह पैसे मजबूत होकर 94.89 रुपए पर आ गया। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी, डॉलर सूचकांक में मजबूती और भारतीय रुपए में मजबूती का असर सोने और चांदी की कीमत पर पड़ रहा है। अमेरिकी बॉन्ड पर ब्याज बढ़ने से निवेशकों का रुझान सोने के बजाय बॉन्ड की ओर बढ़ा है। भारतीय रुपए में मजबूती आने से आयात की लागत भी कम हुई है।


जिला स्तरीय समिति को जाति प्रमाणपत्र रद्द करने का अधिकार नहीं

बिलासपुर। बस्तर जिले के सरकारी शिक्षक प्रभात कुमार संगम का जाति प्रमाणपत्र बिना नोटिस और सुनवाई का अवसर दिए रद्द करने के मामले में हाईकोर्ट ने बीजापुर की जिला स्तरीय प्रमाणपत्र सत्यापन समिति का आदेश निरस्त कर दिया है।

कोर्ट ने कहा कि जाति प्रमाणपत्र की जांच और उसे रद्द करने की कार्रवाई कानून के तहत सक्षम प्राधिकारी ही कर सकता है। इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना जरूरी है।याचिकाकर्ता प्रभात कुमार संगम बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला मातनार में शिक्षक (एलबी) के पद पर कार्यरत हैं। जिला स्तरीय प्रमाणपत्र सत्यापन समिति ने शिक्षक के जाति प्रमाणपत्र को फर्जी और कूटरचित बताते हुए रद्द कर दिया था। साथ ही प्रमाणपत्र के आधार पर प्राप्त लाभों की वसूली और सेवा समाप्ति सहित अन्य कार्रवाई की सिफारिश की थी। जिला स्तरीय समिति के आदेश और अनुशंसा को चुनौती देते हुए शिक्षक ने याचिका दायर कर चुनौती दी थी।इसमें कहा गया कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति प्रमाणन विनियमन) अधिनियम, 2013 के तहत जिला स्तरीय समिति को प्रमाणपत्र रद्द करने का अधिकार नहीं है। समिति का काम संबंधित दस्तावेजों और निष्कर्षों के साथ मामला उच्च स्तरीय प्रमाणपत्र छानबीन समिति को भेजना है।



शब्द पहेली - 6397



बाएँ से दाएँ

1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

ऊपर से नीचे

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरूर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 6396 का हल

अ	ना	द	र	णी	य	■	प्र	श्ने	प	क
सं	ग	■	ये	■	कृ	पा	ण	■	र	म
वै	■	अ	दा	व	त	■	य	हां	■	जो
धा	रा	दा	र	■	■	अ	■	का	त	र
नि	■	च	■	प्र	क्षा	ल	न	■	म	■
क	म	त	र	ता	■	सा	ग	र	गा	मी
■	लि	■	स	र	मा	या	■	द	■	न
बे	का	बू	■	णा	■	■	र	न	वा	सी
क	■	आ	स	■	अ	द	र	क	■	लै
द	म	■	ब	हा	र	■	दा	■	ता	द
र	सा	त	ल	■	ज	ही	न	कु	श	ल

सूडोकु नवताल - 6407

कठिन

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 6406 का हल

9	4	5	3	1	8	7	6	2
1	8	6	7	2	5	4	9	3
2	7	3	9	4	6	8	1	5
6	3	9	1	7	4	2	5	8
5	2	4	8	9	3	6	7	1
7	1	8	6	5	2	9	3	4
4	6	7	5	8	1	3	2	9
8	9	1	2	3	7	5	4	6
3	5	2	4	6	9	1	8	7

बालौदाबाजार में एक साथ 150 पटवारियों पर कार्रवाई

शासन ने शुरू की पटवारियों की नपाई,150 निलंबित, 5 हजार को शोकॉज नोटिस



- 20 दिनों से जारी है हड़ताल, आदेश की प्रतियां जलाकर संघ ने जताया विरोध
- प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद कश्यप भी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल को लेकर शासन और पटवारी संघ के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पटवारियों के खिलाफ शासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बालौदाबाजार जिले में 150 पटवारियों को निलंबित किए जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं प्रदेशभर में अब तक करीब 5 हजार पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा विभिन्न जिलों में पटवारियों के तबादले की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

शासन की कार्रवाई से नाराज राजस्व पटवारी संघ ने निलंबन आदेशों की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। संघ ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई के बावजूद आंदोलन समाप्त नहीं होगा और मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। एक ओर पटवारी संघ मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने पर अड़ा है, वहीं दूसरी ओर शासन ने निलंबन, नोटिस और तबादलों के जरिए सख्ती बढ़ा दी है।

प्रदेश अध्यक्ष सहित संघ के पदाधिकारियों पर कार्रवाई

शासन की कार्रवाई में जिला स्तर के राजस्व पटवारी संघ के अध्यक्षों के साथ प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद कश्यप को भी निलंबित किए जाने की जानकारी है। प्रदेश अध्यक्ष के निलंबन के बाद पटवारियों में नाराजगी और बढ़ गई है। संघ के सदस्यों ने अलग-अलग स्थानों पर शासन के आदेशों की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद कश्यप ने कहा है कि पटवारियों की मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। शासन की कार्रवाई से संघ पीछे हटने वाला नहीं है।

50 से बढ़कर 150 तक पहुंची निलंबन की संख्या


सोमवार सुबह तक प्रदेश में 50 से अधिक पटवारियों के निलंबन की जानकारी सामने आई थी, लेकिन दोपहर बाद बालौदाबाजार में 150 पटवारियों पर कार्रवाई की खबर सामने आने के बाद यह आंकड़ा बढ़ गया। संभावना जताई जा रही है कि अन्य जिलों में भी कार्रवाई हो सकती है। हालांकि, प्रदेशभर में निलंबित पटवारियों की कुल संख्या और जिलावार स्थिति की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

नोटिस और निलंबन के साथ तबादलों की भी तैयारी

प्रशासन ने हड़ताल के बीच कार्रवाई का दायरा बढ़ाते हुए कारण बताओ नोटिस और निलंबन के साथ तबादलों की प्रक्रिया भी शुरू की है। हड़ताल पर गए कर्मचारियों को काम पर लौटने के निर्देश दिए जा रहे हैं। आदेशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है। इससे पटवारी संघ और शासन के बीच गतिरोध और गहरा सकता है।

20 दिनों से अधिक समय से ठप हैं राजस्व संबंधी काम

पटवारी 13 अक्टूबर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसके कारण जमीन के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व अभिलेखों में सुधार और अन्य राजस्व संबंधी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। किसानों और आम नागरिकों को अपने जरूरी काम कराने में परेशानी उठानी पड़ रही है।



औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन, स्टांप शुल्क छूट का दायरा बढ़ा, लॉजिस्टिक्स और मिनी मॉल को भी लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश और व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने स्टांप शुल्क छूट के प्रावधानों का विस्तार किया है।

- उपहार और दान से संपत्ति हस्तांतरण भी छूट के दायरे में
- छूट संबंधी आदेशों के खिलाफ 45 दिन में अपील का प्रावधान

औद्योगिक विकास नीति 2024-30, लॉजिस्टिक्स नीति 2025 तथा छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 के क्रियान्वयन के लिए संशोधित किया गया है। इसमें संपत्ति हस्तांतरण के नए माध्यमों के साथ लॉजिस्टिक्स सुविधाओं, स्टार्टअप और निजी निवेश से स्थापित होने वाले कुछ व्यावसायिक ढांचों को शामिल किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अनुसार, स्टांप शुल्क छूट के प्रावधानों में अब क्रय और पट्टे के साथ उपहार तथा दान के माध्यम से संपत्ति हस्तांतरण को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा पात्र उद्योगों और स्टार्टअप के लिए छूट संबंधी प्रावधानों को संशोधित किया गया है।

पात्र उद्योगों और स्टार्टअप के लिए छूट

औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत निर्धारित अपात्र सेवा उद्यमों को छोड़कर सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद उद्योगों तथा परिशिष्ट-5 में वर्णित कोर उद्योगों को संशोधित प्रावधानों में शामिल किया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 के अंतर्गत पात्र स्टार्टअप को भी स्टांप शुल्क छूट का लाभ मिलेगा।

निजी निवेश से फ्लेटेड फैक्ट्री और मिनी मॉल

आदेश के मुताबिक निजी निवेश से राज्य में प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर अथवा फ्लेटेड फैक्ट्री की स्थापना को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों से भिन्न विकासखंड मुख्यालयों से 10 किलोमीटर की परिधि में, जहां कोई मल्टीप्लेक्स नहीं है, निजी निवेश से मल्टीप्लेक्स युक्त मिनी मॉल की स्थापना का प्रावधान जोड़ा गया है।

लॉजिस्टिक्स सुविधाओं की स्थापना और विस्तार को प्रोत्साहन

लॉजिस्टिक्स नीति 2025 के अंतर्गत वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स हब, लॉजिस्टिक्स पार्क, ड्राई पोर्ट, इनलैंड कंटेनर डिपो, एयर कार्गो टर्मिनल, गति-शक्ति कार्गो टर्मिनल तथा ट्रांसपोर्ट हब और फ्रेट स्टेशन की स्थापना, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण को संशोधित प्रावधानों में शामिल किया गया है।

छूट के आदेशों के खिलाफ 45 दिन में अपील

स्टांप शुल्क छूट से संबंधित आदेशों के खिलाफ अपील की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के मुख्य महाप्रबंधक अथवा महाप्रबंधक और संबंधित प्राधिकृत अधिकारी के आदेश के विरुद्ध 45 दिनों के भीतर उद्योग संचालनालय के आयुक्त अथवा संचालक के समक्ष अपील की जा सकेगी। आयुक्त अथवा संचालक के आदेश के खिलाफ 45 दिनों के भीतर वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के भारसाधक सचिव के समक्ष अपील का प्रावधान किया गया है।

अपील शुल्क में विशेष वर्गों को रियायत

अपील स्वीकार करने के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के मामलों में 2,000 रुपये तथा अन्य मामलों में 5,000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग, तृतीय लिंग, राज्य के सेवानिवृत्त सैनिक, सेवानिवृत्त अग्निवीर सैनिक तथा नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्तियों द्वारा स्थापित सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के मामलों में अपील शुल्क 1,000 रुपये और अन्य मामलों में 2,500 रुपये रखा गया है। अपीलीय अधिकारी को उचित आधार पर अपील में हुई देरी को माफ करने का अधिकार भी दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि औद्योगिक विकास नीति 2024-30, लॉजिस्टिक्स नीति 2025 तथा छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 में होने वाले संशोधन इसमें यथास्थिति लागू होंगे।

भाजपा हर बूथ में बनाएगी किसान मितान

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन एवं किसान मितान गठन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सोमवार को किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में श्री सिंह ने संगठन विस्तार और मोर्चा को प्रत्येक बूथ स्तर तक पूरी मजबूती के साथ सक्रिय करने का स्पष्ट आह्वान किया।

- किसान मितान गठन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने ली बैठक

बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया कि प्रदेश के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर किसान मितान की नियुक्ति की जाएगी, जिससे किसानों के साथ सीधा व निरन्तर संवाद स्थापित किया जा सके। इसके क्रियान्वयन हेतु आगामी 5 नवंबर को किसान मितान एप का शुभारंभ किया जाएगा, जिसका विधिवत अनावरण किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐतिहासिक स्वागत और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव, भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी सिद्धार्थ शंभू, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी पूनम चंद्राकर, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, महामंत्री राकेश तिवारी, डॉ. ओमप्रकाश देवांगन सहित मोर्चा के प्रमुख प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

काम शुरू होते ही एक मंजिल घट गई कैंसर विभाग की बिल्डिंग, माना गया 14 साल पुराना ढांचा कमजोर

रायपुर। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कैंसर के मरीजों के इलाज के लिए बनाए जाने वाले भवन का एक मंजिल काम शुरू होते ही घट गया है। प्रारंभिक निर्माण के दौरान विशेषज्ञों से मिले सुझाव के मुताबिक 14 साल पहले तैयार किया गया इसका दो मंजिला ढांचा कमजोर हो चुका है। अब भवन सात नहीं छह मंजिल का होगा। इससे मरीजों के बिस्तरों की संख्या थोड़ी घट सकती है, मगर जुटाए जाने वाले आधुनिक सुविधाओं पर इसका कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा।

- सात नहीं अब बनेगा छह मंजिला, खर्च होंगे करीब 38 करोड़

आंबेडकर अस्पताल में कैंसर विभाग के साथ क्षेत्रीय कैंसर अनुसंधान केंद्र का संचालन भी होता है। यहां नियमित रूप से पांच सौ तक की नियमित ओपीडी और दो से ढाई सौ की आईपीडी होती है। मरीजों की सुविधाओं के विस्तार के लिए दो मंजिला निर्माण के बाद वर्ष 2012 से अधूरे पड़े भवन को 7 मंजिला करने लिए फंड स्वीकृत किया गया और तीन महीने पहले इसका काम शुरू किया गया था। प्रारंभिक चरण का कार्य पूरा होने के बाद निर्माण एजेंसी ने इसे सात मंजिला तैयार करने के लिए एनआईटी के विशेषज्ञों की टीम से सुझाव मांगा था। जानकारी के अनुसार भवन का निरीक्षण करने के बाद सलाह दी थी कि 14 साल पुराना स्ट्रक्चर कमजोर हो चुका है। इसकी वजह से उस पर पांच मंजिला भवन और खड़ा करना ठीक नहीं है। एनआईटी से मिले इस सुझाव के बाद निर्माण एजेंसी ने कैंसर विभाग के इस भवन को सात के बजाए 6 फ्लोर में ही सीमित रखने का फैसला लिया है। यानी दो मंजिला भवन के ऊपर अब पांच के बजाए चार फ्लोर ही बनाया जाएगा। इसकी वजह से करीब तीन सौ बेड वाले इस भवन में मरीजों का बिस्तर कम होने की संभावना है। जानकारों का तर्क है कि पूर्व योजना के अनुसार यहां जुटाई जाने वाली अन्य सुविधाओं में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा और इस पर करीब 38 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

अभी मरीज ज्यादा, फ्लोर में वेटिंग

वर्तमान में कैंसर विभाग का संचालन दो मंजिला भवन में किया जाता है। यहां मरीजों के लिए ओपीडी के साथ आईपीडी की सुविधा भी है। यहां मरीजों की संख्या काफी अधिक होने की वजह से कई बार मरीजों को अपना इलाज शुरू होने तक फ्लोर में सोकर इंतजार करना पड़ता है। करीब दो साल में तैयार होने वाले इस भवन में मिलने वाली सुविधा मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

पैट सीटी का मामला अटका हुआ

इस विभाग में करोड़ों की लागत से खरीदी गई पैट सीटी मशीन का मामला अभी भी अटका हुआ है। बिना उपयोग के पड़ी इस मशीन का शुरू कर मेंटेनेंस करने के लिए कोई कंपनी तैयार नहीं हो रही है। पैट सीटी एंड गामा कैमरा कैंसर से प्रभावित अंग की सटीक तरीके से जांच करता है। इससे चिकित्सकों को मरीज के इलाज में आसानी होती है। निजी अस्पतालों में इस जांच के लिए बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BILASPUR: Dream Honda - 9926802408; Maosaji Honda - 7024149881; **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000; Jaswani Honda - 8358065000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILHA:** Sai Honda - 9179256022: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 7694011206; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 9479025937; **PALI:** Jai Mahamaya Honda - 7828132008; **KATHGORA:** Mahadev Honda - 7709859173; Krishna Korba Honda - 7747015377; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Bharat Honda (Gevra Basti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda - 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 9577550099; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400; Shanti Auto Honda - 9343609280; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Shanti Honda- 9201826679; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 9713022700; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 8223999666; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8518020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9131402454; **BATAULI:** Ankan Honda - 9203617070: **CHOWKI:** Manraj Honda - 9424153947.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

राजधानी दिल्ली में रविवार को इंडिया ब्लॉक की रैली के बाद सीटीआई ने किया दावा

20 बड़े बाजारों की 2.5 लाख दुकानें बंद, 11 हजार करोड़ का नुकसान!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को हुई इंडिया ब्लॉक की महारैली को लेकर व्यापारिक संगठनों ने नाराजगी और चिंता जताई है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने दावा किया है कि रैली के कारण एक ही दिन में दिल्ली के व्यापार को करीब 11 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा, रैली के कारण व्यापारियों, फैक्ट्री मालिकों और दुकानदारों को हुए नुकसान का मुआवजा कौन देगा। संगठन के मुताबिक, इस दौरान लगभग 2.5 लाख दुकानें बंद रहीं और थोक व खुदरा व्यापार के साथ ट्रांसपोर्ट, होटल, रेस्टोरेंट और पर्यटन कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। वहीं, दिल्ली व्यापार महासंघ ने कहा है कि राजनीतिक दलों को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन ऐसे आयोजनों के दौरान आम लोगों और व्यापारियों के हितों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने कहा- दुकानदारों को हुए नुकसान का मुआवजा कौन देगा



व्यापारिक योजनाओं पर भी असर पड़ने की आशंका : महासंघ ने कहा कि रैली के दौरान कारोबार और ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हुई। दूसरे राज्यों से आने वाले छोटे व्यापारियों की खरीदारी और व्यापारिक योजनाओं पर भी असर पड़ने की आशंका है। दुकानदारों, कर्मचारियों, मजदूरों, ट्रांसपोर्टरों और उनसे जुड़े परिवारों की दैनिक आय भी ऐसी परिस्थितियों से प्रभावित हो सकती है। हालांकि, महासंघ ने यह भी स्पष्ट किया कि वह लोकतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों का सम्मान करता है। प्रत्येक राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन व्यापार, रोजगार और आम नागरिकों की सुविधाओं के प्रति जिम्मेदारी भी आवश्यक है।

सीटीआई ने जारी किया नुकसान का आंकड़ा

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल के मुताबिक, संगठन के सर्वे में सामने आया है कि 1 नवंबर की रैली के कारण दिल्ली के व्यापार को करीब 11 हजार करोड़ रुपये का सीधा नुकसान हुआ. इसमें सबसे ज्यादा 8,800 करोड़ रुपये का नुकसान रिटेल और थोक व्यापार को होने का दावा किया गया है। सीटीआई के अनुसार, रामलीला मैदान के आसपास पांच किलोमीटर के दायरे में सदर बाजार, चांदनी चौक, चावड़ी बाजार, खारी बावली, नया बाजार, अजमेरी गेट, दरियागंज, पहाड़गंज, जामा मस्जिद, भागीरथ पैलेस, कनॉट प्लेस और करोल बाग जैसे प्रमुख व्यापारिक केंद्र मौजूद हैं। संगठन का दावा है कि इन इलाकों की लगभग तीन लाख दुकानों में से 2.5 लाख दुकानें बंद रहीं और करीब 80 प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुआ।

ट्रांसपोर्ट और होटल कारोबार को भी नुकसान का किया दावा

सीटीआई के मुताबिक, रैली के कारण ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को करीब 1,500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ. संगठन ने दावा किया कि रामलीला मैदान के 10 किलोमीटर के दायरे में माल की आवाजाही, लोडिंग और अनलोडिंग जैसी गतिविधियां प्रभावित रहीं. इसके अलावा होटल, रेस्टोरेंट और पर्यटन कारोबार को 500 करोड़ रुपये का नुकसान होने का दावा किया गया है। सीटीआई के अनुसार, मध्य दिल्ली के कई इलाकों में होटल और गेस्ट हाउस की बुकिंग रद्द हुईं, जबकि पर्यटकों की आवाजाही भी प्रभावित रही।संगठन ने यह भी दावा किया कि अनौपचारिक क्षेत्र और दिहाड़ी मजदूरों को करीब 200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसका असर लोडर, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों, रेहड़ी-पटरी वालों, कुलियों और दूसरे दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों पर पड़ा।

'हम व्यापारी हैं, भाजपा के एजेंट नहीं'

सीटीआई चेयरमैन गोयल ने कहा कि व्यापारिक संगठनों को बीजेपी का एजेंट बताया जा रहा है, जबकि उनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की 100 बड़ी मार्केट एसोसिएशनों ने कांग्रेस से रैली टालने की अपील की थी। ये संगठन किसी राजनीतिक पार्टी के एजेंट नहीं, बल्कि व्यापारियों के प्रतिनिधि हैं। गोयल ने सवाल उठाया कि रैली के कारण व्यापारियों, फैक्ट्री मालिकों और दुकानदारों को हुए नुकसान का मुआवजा कौन देगा।

एसआईआर के बाद वोटरों की संख्या में दर्ज की गई है बड़ी गिरावट


5 राज्यों में 2.29 करोड़ मतदाता कम अकेले यूपी में ही 2 करोड़ वोटर कटे

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद वोटरों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। चुनाव आयोग और राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इन पांच राज्यों में एसआईआर से पहले करीब 18.71 करोड़ मतदाता थे, जिनकी संख्या अंतिम सूची में घटकर लगभग 16.43 करोड़ रह गई। यानी कुल मतदाताओं की संख्या में करीब 2.29 करोड़ या 12.2 फीसदी की कमी आई है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पांच राज्यों में सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश में देखने को मिला है। यहां मतदाताओं की संख्या में करीब 2.04 करोड़ की कमी आई, जो पांचों राज्यों में कुल गिरावट का लगभग 90 फीसदी है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर से पहले 15.44 करोड़ मतदाता थे। ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 12.56 करोड़ रह गई थी। हालांकि, अंतिम सूची में करीब 84 लाख नाम फिर से शामिल किए गए, जिसके बाद मतदाताओं की संख्या 13.40 करोड़ हो गई। इसके बावजूद राज्य में कुल 13.24 फीसदी मतदाता कम हुए। पंजाब में एसआईआर से पहले 2.15 करोड़ मतदाता थे। ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 1.94 करोड़ रह गई। अंतिम सूची में करीब 7 लाख नाम वापस जुड़ने के बाद मतदाताओं की संख्या 2.01 करोड़ हो गई। यहां कुल 14 लाख यानी 6.34 फीसदी मतदाताओं की कमी दर्ज की गई। ड्राफ्ट सूची से हटाए गए करीब 21 लाख नामों में से लगभग 34 फीसदी नाम दोबारा शामिल किए गए।

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में हुआ है एसआईआर



उत्तराखंड में 8 लाख मतदाता कम

उत्तराखंड में एसआईआर से पहले 80 लाख मतदाता थे। ड्राफ्ट सूची में यह संख्या 71 लाख रह गई, जबकि अंतिम सूची में बढ़कर 72 लाख हुई। यहां कुल करीब 8 लाख यानी 10.07 फीसदी मतदाता कम हुए। ड्राफ्ट सूची से हटाए गए नामों में से केवल करीब 3 फीसदी ही वापस जोड़े गए।

मणिपुर में भी घटे वोटर

मणिपुर में एसआईआर से पहले करीब 20.9 लाख मतदाता थे। ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 19.3 लाख हो गई और अंतिम सूची में बढ़कर 19.6 लाख पहुंची। राज्य में कुल करीब 1.3 लाख यानी 6.33 फीसदी मतदाता कम हुए। ड्राफ्ट सूची से हटाए गए करीब 17 फीसदी नाम दोबारा शामिल किए गए।

गोवा अकेला राज्य

गोवा में एसआईआर से पहले 11.85 लाख मतदाता थे। ड्राफ्ट सूची में यह संख्या 10.85 लाख और अंतिम सूची में घटकर 10.58 लाख रह गई। यहां करीब 1.3 लाख यानी 10.76 फीसदी मतदाताओं की कमी दर्ज की गई। इन पांच राज्यों में गोवा ऐसा राज्य रहा, जहां अंतिम मतदाता सूची में ड्राफ्ट सूची के मुकाबले भी नाम कम हो गए। यहां हटाए गए नामों की कोई वापसी दर्ज नहीं हुई।

अगले साल की शुरुआत में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव

इन पांचों राज्यों में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने हाल ही में 17 राज्यों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आदेश देते हुए कहा था कि इन पांच राज्यों में चुनाव अगले साल की शुरुआत में हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 22 मई को समाप्त हो रहा है। वहीं, मणिपुर की 60, गोवा की 40, पंजाब की 117 और उत्तराखंड की 70 सदस्यीय विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च 2027 में अलग-अलग तारीखों पर खत्म होगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के तहत चुनाव आयोग विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से छह महीने पहले भी चुनाव करा सकता है।



आप को बड़ा झटका, तीन विधायक भाजपा में शामिल

बोले- पंजाब में चल रही फिरौती की इंडस्ट्री



अमृतसर। पंजाब चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को झटका लगा है। पार्टी छोड़ने वाले उसके तीनों विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा, चेतन सिंह जोड़ामाजरा और कुंवर विजय प्रताप सिंह सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। तीनों विधायक सुबह दिल्ली में बीजेपी के मुख्यालय पहुंचे यहां उन्हें बीजेपी की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा जॉइन करने के बाद विधायक कुंवर ने कहा कि पंजाब में गैंगस्टर सरकार का हिस्सा बन गए हैं। फिरौती की इंडस्ट्री चल रही है। इन तीनों विधायकों ने पिछले 2 दिनों में आप से इस्तीफा दिया। रविवार को जौड़ामाजरा और पठानमाजरा के इस्तीफे के बाद सोमवार को कुंवर ने भी पार्टी छोड़ दी। कुंवर और पठानमाजरा ने विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। कुंवर को जून 2025 में आप ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते 5 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।

नौसेना को मिलेंगे 8 नए युद्धपोत 53,866 करोड़ रुपए का करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 8 नए युद्धपोत बनाने के लिए 53,866.50 करोड़ के समझौते पर साइन किए हैं। ये नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट यानी नई पीढ़ी के युद्धपोत होंगे। इनमें आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इन युद्धपोतों को बनाने की जिम्मेदारी दो भारतीय कंपनियों को दी गई है। इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) पांच और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) तीन युद्धपोत बनाएगी।

- मिसाइल और सेंसर सिस्टम से लैस होंगे पोत

दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों पर नजर रखेंगे

नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट में आधुनिक मिसाइल, हथियार और सेंसर सिस्टम लगाए जाएंगे। इनकी मदद से नौसेना हवा, समुद्र की सतह और पानी के नीचे से आने वाले खतरों का मुकाबला कर सकेगी। इन जहाजों का इस्तेमाल समुद्री व्यापार के रास्तों की सुरक्षा, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ कार्रवाई और तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा। ये समुद्र के किनारे सैन्य अभियान चलाने और निगरानी रखने में भी मदद करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन युद्धपोतों में 70% से ज्यादा सामान भारत में बनाया जाएगा।

सोमवार को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए गए।

रूसी एसयू-35 फाइटर जेट से लैस होगा तेहरान, बोला-तो, डील पक्की

तेहरान। ईरान ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है कि उसने रूस के साथ एसयू-35 फाइटर जेट की डील की है। ईरानी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अक्रामिनिया ने एक इंटरव्यू में स्वीकार किया है कि यह डील पूरी हो चुकी है और युद्ध के खत्म होते ही ईरान को एसयू-35 जेट की डिलीवरी भी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि एसयू-35 डील से ईरान की हवाई क्षमता से बड़ा इजाफा होगा, जो इजराइल और अमेरिका की आक्रामकता का सामना कर रहा है। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान कहा कि ईरान के एसयू-35 खरीद का मुद्दा कई साल से उठाया जा रहा है। खरीद और कॉन्ट्रैक्ट के लिए जो शुरुआती काम करना था, वो बहुत पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि ईरानी पायलटों को एसयू-35 फाइटर जेट उड़ाने की ट्रेनिंग भी मिल चुकी है। इसके अलावा ग्राउंड स्टाफ और मेंटीनेंस टीम को भी एसयू-35 के रखरखाव की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जेट के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किए जा रहे हैं। मोहम्मद अक्रामिनिया ने बताया कि ईरान को एसयू-35 फाइटर जेट फरवरी में युद्ध के शुरू होने से पहले ही मिलने वाले थे। उन्होंने कहा कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो युद्ध के खत्म होते ही हमें डिलीवरी मिलनी भी शुरू हो जाएगी, जिससे हम अपनी फ्लीट में जबरदस्त इजाफा करेंगे। उन्होंने जेट की खरीद को ईरान की हवाई शक्ति को अपग्रेड करने की कोशिशों का हिस्सा बताया।


अक्रामिनिया

'फ्लाइट से यात्रा मत करिए, आगे बढ़िए'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बढ़ते हवाई किराए को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता के 700% तक किराया बढ़ने के दावे पर कोर्ट ने कहा, 'आप हवाई यात्रा मत करिए। आगे बढ़िए।' जस्टिस जे. विक्रम नाथ की बेंच के सामने वकील ने दलील दी कि विमान का किराया 700% तक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि हवाई यात्रा जरूरी सेवा है और किराए में इतनी ज्यादा बढ़ोतरी संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। हालांकि, कोर्ट ने इन दलीलों पर सुनवाई नहीं की और याचिका खारिज कर दी। भारत में हर साल करीब 24 करोड़ हवाई यात्राएं होती हैं। नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए के 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, इनमें 16.55 करोड़ घरेलू और 7.39 करोड़ अंतरराष्ट्रीय यात्री यात्राएं शामिल हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार को भारतीय वायुयान नियम, 2026 का गजट जारी किया है। नए नियमों के तहत विमानन कंपनियों को हवाई टिकटों का किराया तय करने की छूट दी गई है। एयरलाइंस को किराया बढ़ाने या घटाने के लिए सरकार से पहले अनुमति नहीं लेनी होगी। हालांकि, किसी अपरिहार्य स्थिति में सरकार विमानन कंपनियों को किराए को लेकर निर्देश दे सकती है। ये नए नियम 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे। हवाई ईंधन की बढ़ती कीमतों और कम उड़ानों के कारण त्योहारी सीजन में एयरलाइंस किराए पिछले साल से काफी बढ़ गए हैं। विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि एटीएफ की कीमतें बढ़ने से किराए नियंत्रित रखना चुनौती बन गई है। एअर इंडिया और इंडिगो ने कुछ दिन पहले ही एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट फ्यूल महंगा होने की वजह से किराया बढ़ाया था। एअर इंडिया ने 9 अक्टूबर से घरेलू उड़ानों में 1200 रुपए तक और इंटरनेशनल उड़ानों में 17,800 रुपए तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया था। नए फ्यूल चार्ज एयर इंडिया एक्सप्रेस पर भी लागू हैं, क्योंकि दोनों टाटा ग्रुप की एयरलाइन हैं।

फ्लाइट टिकट 700% बढ़ाने के दावे वाली याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा



पटनीटॉप में ईडी ने 41.38 करोड़ की संपत्ति जब्त

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पटनीटॉप में होटल भूमि अतिक्रमण मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत करीब 10.66 करोड़ की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इनमें पटनीटॉप स्थित होटल हॉलिडे इन, होटल ब्रॉडवे, होटल हॉलीवुड और होटल माउंटव्यू की जमीन और इमारतें शामिल हैं। इस मामले में वर्ष 2025 में भी दो अलग-अलग आदेश जारी कर करीब 30.72 करोड़ की संपत्तियां अटैच की गई थीं। इस कार्रवाई के बाद मामले में अब तक अटैच की गई संपत्तियों का कुल मूल्य बढ़कर करीब 41.38 करोड़ हो गया है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

संशोधित प्रकाशन

दिनांक 31.10.2026

मंडल कार्यालय द्वारा दिनांक 27.10.2026 को आमंत्रित निविदाओं हेतु जारी प्रकाशन में हुई टंकन त्रुटियों पर सुधार कर, निम्नानुसार संशोधन किया जाता है

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्रं.	कार्य का नाम	पूर्व में टंकन त्रुटिवश अंकित निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे)	निविदा डाउनलोड करने की संशोधित अंतिम तिथि
NIT NO. 202 Tender No. 201968	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न 09 मार्गो पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	तृतीय आमंत्रण दिनांक 05.06.2026	रू. 63.53 लाख	तृतीय आमंत्रण दिनांक 05.11.2026
NIT NO. 188 Tender No. 201969	जिला महासमुंद के उपसंभाग महासमुंद क्र. 1 अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में बी.टी. पेच मरम्मत कार्य।	चतुर्थ आमंत्रण दिनांक 05.06.2026	रू. 122.98 लाख	चतुर्थ आमंत्रण दिनांक 05.11.2026

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.मंडल क्रं.-02
रायपुर (छ.ग.)

G. 262704348/3

अमेरिका में प्लेन क्रैश, 9 लोग जिंदा जले



वाशिंगटन। अमेरिका के फ्लोरिडा में जेट प्लेन क्रैश की घटना ने दिल दहला दिया है। इस हादसे में प्लेन में सवार सभी 9 लोगों की मौत हो गई है। वे सभी प्लेन क्रैश होने के बाद लगी आग में जिंदा जल गए। इस पूरे हादसे का जो वीडियो सामने आया है वह बेहद भयावह है और डर पैदा करने वाला है। वीडियो में दिख रहा है कि कैसे प्लेन, किसी मिसाइल की तरह बहुत तेज स्पीड से सड़क पर गिरा और ब्लास्ट कर गया। इस हादसे का वीडियो वायरल हो रहा है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने घटनास्थल का दौरा किया है। उन्होंने इस हादसे को लेकर कहा कि प्लेन आसमान से किसी मिसाइल की तरह नीचे गिरता हुआ दिखाई दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सड़क के किनारे बड़ा गड्ढा बन गया और क्रैश प्लेन के टुकड़े काफी दूर तक फैल गए हैं।

पायलट का आखिरी संदेश

रिकॉर्डिंग के मुताबिक, विमान अचानक तेजी से ऊंचाई खोने लगा। शुरुआत में यह प्रति मिनट 10 हजार फीट, फिर 20 हजार फीट और बाद में 30 हजार फीट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिरने लगा। इस दौरान विमान की गति उसकी डिजाइन सीमा से भी अधिक हो गई। पायलट ने इमरजेंसी मैसेज भेजते हुए कहा कि प्लेन बेहद तेजी से नीचे जा रहा है। इसके बाद उसने 'मेडे, मेडे' कहकर मदद मांगी। आखिरी रेडियो मैसेज में पायलट ने प्लेन के जमीन से टकराने को लेकर भी चेताया था। इसके कुछ ही पल बाद विमान तेजी से दाईं ओर मुड़ा और जमीन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BILASPUR [C.G.]

CAVEAT APPLICATION NO. /2026
PROPOSED W.P.C. NO. 2026

Caveator/Proposed respondent Executive Engineer, Chhattisgarh Housing and Infrastructure Development Board, Project Division-Korea, Distt.- Korea (C.G.)

V/S

Non-caveator/Proposed Petitioner General Public of the village- Sanjay Nagar, Tahsil-Surajpur, Distt. Surajpur (C.G.) and all concerned to whomsoever it relates.

CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148 OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE 1908 READ WITH RULE 142 OF THE CHHATTISGARH HIGH COURT RULES, 2007

That the above named caveator/ proposed respondent most humbly and respectfully begs to submit as under :-

1. That the Collector, Surajpur (C.G.) vide order dated 16.05.2016 had allotted a land admeasuring 26.59 Hect. Situated at village- Sanjay Nagar, P.H. no. 51, RI Circle- Surajpur, Tahsil- Surajpur, Distt.-Surajpur (C.G.) to the Housing Board for construction of houses/colony under Vikas Nagar Yojna.
2. It is apprehended that the non-caveator or any general person of any residents of village-Sanjay nagar, Surajpur may prefer a writ petition under Article 226/227 of the Constitution of India before this Hon'able Court Housing Board and may pray for interim relief/ stay. Therefore, it is in the interest of justice to afford an opportunity of hearing to the caveator/CG Housing Board to object the stay application before passing any intern order.
3. That the caveator hearing has published a caveat notice regarding filing of the present caveat application intimating all the person of the state of Chhattisgarh/ Raipur having wide circulation as required under the rules. A copy of the newspaper clipping about publication of caveat notice is annexed as ANNESURE C/1

PRAYER

It is therefore most humbly and respectfully prayed that this Hon'able court may kindly be pleased to afford an opportunity of hearing to the caveator to object the stay application before passing any order/ orders in the interim applications, in case any person files a write petition (C) challenging the allotment of 26.59 hectare of land situated at Village- Sanjay Nagar, Surajpur, in the interest of Justice.

Bilaspur
Date

Counsel for Caveator
Sanjay Patel
Advocate

S-49669

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड। धनवार नगर पंचायत, गिरिडीह।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना ।

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**UDD/DNP/ 04/ 2026-27** दिनांक–**30.10.2026**

क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	अग्रधन की राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	कार्यपूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
UDD/DNP/ 04/ 2026-27/01	Construction of Road and Dran from Block road to Gandhi Chowk and Block More to CO Residence Under Dhanwa Nagar Panchayat	1,83,57,000.00	2,50,000.00	10,000.00	180 दिन
UDD/DNP/ 04/ 2026-27/02	Construction of Road and Dran from Banjara Hills to Talab Side Under Dhanwa Nagar Panchayat	73,31,300.00	1,46,626.00	10,000.00	180 दिन
1.	वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि	दिनांक–06.11.2026 (पूर्वाहन 11:00 बजे से)			
2.	वेबसाईट पर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक–27.11.2026 (अपराहन 3:00 बजे तक)			
3.	निविदा खोलने की तिथि	दिनांक–28.11..2026 (अपराहन 4:00 बजे)			
4.	निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम	कार्यपालक पदाधिकारी, धनवार नगर पंचायत			
5.	निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मोबाईल नंम्बर	9835420400			
6.	ई–प्रोक्यूरमेंटसेल का हेल्प लाइन नम्बर	06554 796845			

नोटः–केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ सकती है। अन्य सूचनाएँ एवं निविदा की आवश्यक शर्तो से संबंधित जानकारी वेबसाईट http:www.Jharkhandtenders.gov.in/ धनवार नगर पंचायत के सूचनापट् पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
धनवार नगर पंचायत।

PR 393099 (Urban Development and Housing) 26-27 (D)

खबर संक्षेप

प्रिज्म का लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 353 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। आतिथ्य सेवा प्रदाता ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 353 करोड़ रुपये हो गया। अपना आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 301 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

यूरेका फोर्ब्स का लाभ 17.8% बढ़कर 74 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पाद क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 17.76 प्रतिशत बढ़कर 74.09 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के जल शुद्धिकरण कारोबार के बेहतर प्रदर्शन से लाभ में वृद्धि हुई। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 62.91 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

भारत में पैदा हो रहे रोजगार पर नहीं मिल रही अच्छी नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री द्रेज ने कहा, कम वेतन वाली नौकरी से करना पड़ रहा संतोष

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने सोमवार को कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि से रोजगार के अवसर तो पैदा हो रहे हैं, लेकिन लोगों को अच्छी नौकरियां नहीं मिल रही हैं।

- लोगों के सामने तनावपूर्ण, असुरक्षित और उबाऊ नौकरियां

बड़ी संख्या में लोगों को तनावपूर्ण, असुरक्षित, उबाऊ या कम वेतन वाली नौकरियों से संतोष करना पड़ रहा है। पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) के सदस्य रहे द्रेज ने कहा, ''आर्थिक वृद्धि से बहुत सारे काम तो पैदा हो रहे हैं, लेकिन रोजगार का सृजन कम हो रहा है। मेरे कहने का मतलब है कि लोगों को अच्छी नौकरियां नहीं मिल रही हैं। आदर्श रूप से अच्छी नौकरी सुरक्षित, संतोषजनक, रचनात्मक, ईमानदारीपूर्ण, सामाजिक रूप से उपयोगी और अच्छा वेतन देने वाली होनी चाहिए।''

खाताधारकों को ई-केवाईसी के लिए परेशान होना पड़ा

अर्थशास्त्री ने 2024 के ई-केवाईसी संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि करोड़ों खाताधारकों को पहचान सत्यापन के लिए परेशान होना पड़ा और इस दौरान कई लोग अपने बैंक खातों का इस्तेमाल नहीं कर पाए। इनमें अपनी छोटी पेंशन पर निर्भर लाखों बुजुर्ग भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि किसी का बैंक खाता बंद करना गंभीर मामला है और ऐसा हल्के में नहीं किया जाना चाहिए।



अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर पांच फीसदी : राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण के मुताबिक, सितंबर, 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की कुल बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत रही। यह अगस्त, 2026 के बराबर और सितंबर, 2025 के 5.2 प्रतिशत से कम थी।

रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं बनना

द्रेज के मुताबिक, रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं बनने की एक वजह यह भी है कि आर्थिक नीतियां श्रम आधारित क्षेत्रों के मुकाबले पूंजी आधारित क्षेत्रों को अधिक बढ़ावा देती हैं। इसके अलावा, कार्यबल में औपचारिक शिक्षा और कौशल की कमी भी एक बड़ी समस्या है। उन्होंने झारखंड का उदाहरण देते हुए कहा, ''वहां 40 प्रतिशत सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में केवल एक शिक्षक है। ऐसे में बच्चों को मिलने वाली शिक्षा की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी वजह से बड़ी संख्या में लोग प्रवासी श्रमिकों के रूप में असंगठित क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूरी करने को मजबूर होते हैं।''

बेरोजगारी घटना सरकार की नीति का उद्देश्य नहीं

बेल्जियम मूल के विकास गतिविधियों पर केंद्रित कार्य के लिए चर्चित अर्थशास्त्री ने कहा कि बेरोजगारी घटाना सरकार की आर्थिक नीति का प्रमुख उद्देश्य नहीं दिखता। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पिछले दो बजट भाषण का उदाहरण देते हुए कहा कि इनमें बेरोजगारी का उल्लेख तक नहीं था। उन्होंने कहा, पिछले 12 वर्षों से वेतन वृद्धि की धीमी रफ्तार का संकट है, लेकिन बजट भाषण में मजदूरी का भी जिक्र नहीं होता।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार अक्टूबर में घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अक्टूबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ गई। उत्पादन एवं नए ऑर्डर में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। वहीं, लागत का दबाव मध्यम रहने से गतिविधियों की रफ्तार धीमी होने का असर सीमित रहा। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर के 55.1 से घटकर अक्टूबर में 54.7 पर आ गया। हालांकि, यह अब भी अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर और 50 के तटस्थ स्तर से काफी अधिक रहा। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन का संकेत देता है। मांग में लगातार सुधार से नए कारोबार में एक बार फिर तेज वृद्धि दर्ज की गई। वृद्धि की रफ्तार सितंबर के सात महीने के उच्च स्तर से मामूली ही धीमी हुई और ऐतिहासिक मानकों के लिहाज से मजबूत बनी रही।



अशोक लेलैंड की अक्टूबर में बिक्री 23 प्रतिशत बढ़ी...



नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड की अक्टूबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़ी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चेन्नई स्थित वाहन विनिर्माता की कुल बिक्री निर्यात सहित 21,888 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 17,820 इकाई थी। मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन (एमएंडएचसीवी) खंड में बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 13,927 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 10,865 इकाई थी। वहीं, हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) खंड में बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 7,961 इकाई रही।

चालू चीनी सत्र के पहले महीने में उत्पादन 8.45 लाख टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- पिछले साल के एक लाख टन से अधिक
- त्योहारी मौसम में घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिली

देश में आठ अक्टूबर से शुरू हुए 2026-27 के चीनी सत्र के पहले महीने में 8.45 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। इससे त्योहारी मौसम के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ने में मदद मिली है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक साल पहले की समान अवधि में चीनी का उत्पादन एक लाख टन था। वर्ष 2025-26 के पूरे चीनी सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में कुल 279.60 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। महासंघ के मुताबिक, 31 अक्टूबर तक देश में 152 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 31 मिलें परिचालन में थीं। देश के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में सबसे अधिक 7.20 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ, जबकि पिछले साल इसी अवधि में उत्पादन शून्य था।

* **नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की अक्टूबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़ी। दोपहिया और वाणिज्यिक वाहन दोनों खंडों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई।

निजी निवेश बढ़ने तक पूंजीगत व्यय के जरिए वृद्धि को समर्थन देती रहेगी सरकार



एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ने तक सरकार पूंजीगत व्यय के जरिये आर्थिक वृद्धि को समर्थन देना जारी रखेगी।

सीतारमण ने यहां एचएसबीसी की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार राजकोषीय अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय जारी रखने के साथ खर्च के मामले में संतुलन बनाए रखेगी। सीतारमण ने कहा, ''पूंजीगत व्यय हमारी वृद्धि रणनीति का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब तक निजी क्षेत्र क्षमता विस्तार या नई क्षमता स्थापित करने के लिए निवेश नहीं करता, तब तक सरकार के लिए पूंजीगत व्यय को जारी रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों में इस रणनीति के अच्छे नतीजे देखने को मिले हैं और इससे अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, PUBLIC WORKS DEPARTMENT, (E/M) CIRCLE, BILASPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (Online)

Online Tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D. in new Registraton System (Unified Registration System) for the following work:-

Sr.	NIT No.	System Tender N.	Name of Work	PAC
1	154 I-Call	203270	Providing and Fixing LED Street light fitting in Lalkhadan To Darrighat 4 - Lane Road Bilaspur, Distt. Bilaspur (C.G.)	184.56

Tender Start 31.10.26 Online Bid Submission 13.11.2026, Physical Document submission 19.11.2026

2	155 II-Call	203271	Providing complete electrification work in 1st floor of newly additional room & maintenance/renovation works of old room and campus of Circuit House At Raigarh, District-Raigarh (C.G)	197.97
3	156 II-Call	203272	Annual Operation and Maintenance Contract for Runway Light, Taxiway Light, SAPL Light, PAPI, Beacon Light, WDI, LDI, Perimeter Light, Watch DVOR Tower, ATC Tower in Fire Section & CCR Penel at Chakarbhatha Terminal Buildiing, Car Parking, Packege/Split A.C., internal & external electrical installation including Panels & DG Set at Chakarbhatha Airport Bilaspur (C.G) Open Tender Item Rate	73.59

Tender Start 31.10.2026 Online Bid Submission 09.11.2026, Physical Document submission 13.11.2026

Superintending Engineer
P.W.D. (E/M) Circle
Bilaspur (C.G.)
G. 262704354/3

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)
System Tender No. 202843/ NIT No.: 17/SAC/26-27
Dated: 28.10.2026

Online Tenders are invited for the following work up to 18.11.2026 at 17.30 Hours.

Name of work Construction of Store Behind Raipur Training Center and Renovation Work of Government Houses with Excavation of Tube Well in Block Dharsiwa, District Raipur.

Probable Amount of Contract: - **Rs. 215.78 Lakhs (Excluding G.S.T.)** (As per S.O.R Enforced from dated 01.08.2010 and amended on dated 23.04.2026).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 04.11.2026, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. All Prequalification Certificates issued by Water Resources Department from dated 01.11.2025 till date is valid in this tender (As per Engineer-in-Chief, W.R.D. Raipur's Letter No. 425001/TC/2016/सर्कू/अस्थायी/7989 Raipur Dtd. 30/09/2026).

Executive Engineer
Water Management Division No. 1, Raipur
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)
G. 262704328/3

कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उपसचिव छ.ग. शासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग

प्रारंभिक अधिसूचना

दिनांक: 24-09-2026

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 03/अ-82/2025-26 चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कालम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कालम-7 में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सर्वसंबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कालम (6) में उल्लिखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:-

अनुसूची ग्राम-टिहलीरामपुर

ख.नं.	अर्जित रकबा (हे.)
220/1	0.138
221/3	0.030
कुल खसरा नं. 2, कुल रकबा 0.168	

(2) यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।

(3) भूमि का नक्शा/प्लान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घरघोड़ा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

(4) प्रस्तावित भू-खण्ड से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।

(5) प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिये कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।

(6) प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा जिला रायगढ़ को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

भुअर्जन अधिकारी
घरघोड़ा जिला रायगढ़

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(मयंक चतुर्वेदी)
कलेक्टर रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
जी. 262704346/1

कार्यालय कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर (आदिवासी विकास शाखा)
Email: actd.jdp@gmail.com Phone/Fax No. 07782-222520

!! ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना !!
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमत्रंण)
क्रमांक/आ.वि./निर्माण / एन.आई.टी.क्र. / 5803 /2026 / जगदलपुर दिनांक 27/10/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नांकित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला बस्तर अंतर्गत नीचे दर्शाये गये विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "C" श्रेणी एवं इससे ऊपर की श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रं.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम / स्थान का नाम
1	202752	50 सीटर पो.मे. अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास मारडूम वि0ख0 लोहण्डीगुड़ा का भवन निर्माण।

टीप :- 01. प्रति कार्य निविदा की राशि रूपये 189.77 लाख है।
02. प्रति कार्य अमानत राशि रूपये 1.424 लाख है।
03. प्रति कार्य निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 3000.00 है।
04. प्रति कार्य पूर्णता तिथि 12 माह (वर्षा काल सहित) निर्धारित है।
05. पंजीकृत वर्ग - 'स' या उच्च श्रेणी संविदाकार निविदा में शामिल हो सकते है।
06. निविदा प्रपत्र आनलाईन डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 16-11-2026
07. सत्यनिष्ठा संधि अमानत राशि चालान की प्रति जमा करने की अंतिम तिथि :- 20-11-2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट- https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास, जगदलपुर
जी. 262704339/3

दिवाली से पहले सोने की कीमतों में 500 रुपए की तेजी, चांदी रही स्थिर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की ओर से खरीदारी बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,42,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

अक्टूबर में भारी गिरावट के बाद दिवाली की मांग से सोने की कीमतों में मामूली सुधार हुआ है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शनिवार को 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1.86 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। इसमें सभी कर शामिल हैं। कारोबारियों ने कहा कि त्योहार से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की खरीदारी बढ़ने से कीमती धातुओं की घरेलू कीमतों को समर्थन मिला। डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी से भी डॉलर मूल्यवर्ग वाले सोने-चांदी की लागत बढ़ी। अक्टूबर में आई भारी गिरावट के बाद सोने की कीमतों में यह सुधार हुआ है।

30 सितंबर को सोने का भाव 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जिसमें अब तक 7,300 रुपये की गिरावट आ चुकी है। इसी अवधि में चांदी की कीमत 46,000 रुपये घटकर 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आ गई।

बजाज ऑटो की अक्टूबर में बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। बजाज ऑटो की अक्टूबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़ी। दोपहिया और वाणिज्यिक वाहन दोनों खंडों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। वाहन विमान विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि उसकी कुल थोक बिक्री 5,91,876 इकाई रही। जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,18,170 इकाई थी। घरेलू बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,51,148 इकाई हो गई जबकि निर्यात 18 प्रतिशत बढ़कर 2,40,728 इकाई रहा। कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 5,01,194 इकाई हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,42,316 इकाई थी।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ई-मेल :cmoratanpur@gmail.com

क्रमाक/2197 रा.शा./न.पा.प. / 2026 रतनपुर, दिनांक 02/11/26

// दावा आपत्ति सूचना //

एतद् द्वारा समस्त करदाताओं से दावा आपत्ति आमंत्रित की जाती है कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर / समेकितकर / जलकर ऑनलाईन जमा किये जाने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा ड्रोन सर्वे कराया जाकर जी.आई.एस. सर्वे के आधार पर प्रत्येक मकान पर क्यूआर कोड आधारित डिजिटल डोर नंबर प्लेट लगाया गया है, जिसमें यदि किसी संपत्तिकरदाता का नाम/पिता/पति का नाम त्रुटिपूर्ण या गलत नाम दर्ज हुआ हो तो आप अपना लिखित दावा आपत्ति दिनांक 18.11.2026 दिन बुधवार तक आवेदनमय दस्तावेज (भूमि स्वामित्व दस्तावेज बी1 पी2/पट्टा/मैंटिनेन्स खसरा, आधार कार्ड, पूर्व जमा संपत्तिकर रसीद की छायाप्रति) के साथ कार्यालय नगरपालिका परिषद रतनपुर के आवक-जावक शाखा में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद रतनपुर

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PUBLIC WORKS DIVISION ALLAPALLI**
Web Site: www.mahapwd.com E-mail-alapalli.ee@mahapwd.gov.in
Fax & Phone No. 07133-266402

E-Tender Notice No. 25 Year 2026-27

Online E-Tenders in "B-2" (Item Rate) forms are invited by Executive Engineer, Public Works Division, Allapalli for the following works from bidders who satisfy the qualifying criteria The tender documents should be downloaded from the Government Website https://mahatenders.gov.in The competent authority reserves the right to accept or reject any or all the tenders. Conditional Tenders will not be accepted.

Sr. No.	Name of Works	Estimated Rate	EMD Amount	Class of Contractor
1	Construction of Road Including Bridge (Length 17.30 Km) From Hidewada Phata Irpanar Pengunda to ODR 72 Road (VR-48 And 54) Chainage Km 0/00 To 7/800 And Pengunda Gongwada Nelgund Middapalli Kawande to State Border Road (O.D.R.72) Chainage Km 9/500 To 19/00. Taluka Bhamragad District Gadchiroli in the State of Maharashtra	Rs. 1,14,06,89,181/-	Rs. 57,04,000/-	Qualified Unregistred Contractor
1	Documents Download/Sale Start Date	As Per Online E-Tender Schedule		
2	Bid Submission Start Date	As Per Online E-Tender Schedule		
3	Documents Download/Sale End Date	As Per Online E-Tender Schedule		
4	Tender Opening Date	As Per Online E-Tender Schedule		

All information of e-tendering is available on the following websites / Notice Board 1. **https//mahatenders.gov.in.** (If there is any changes in the notice, then the information will be communicated on the above websites) 2. Executive Engineer, Public Works Division, Allapalli Office Notice Board. 3. For any correspondance contact & Address **Executive Engineer, Public Works Division, Aheri Road, Allapalli Ta. Aheri Dist. Gadchiroli-442703 (M.S.)**

Note - 1. All eligible / interested bidders are required to be enrolled on portal https://mahatenders.gov.in before downloading tender document and participating in e-tendering process. 2. Bidders are requested to contact on following telephone numbers for any doubts / information/difficulty regarding online enrollment or obtaining digital certificate. Help Desk Number - Contact Us (NIC) The 24x7 Toll Free Telephonic Help Desk Number 1800 30702232 Mobile No. +91787807985/86 Mobile No. +917878007972/731.2.8 3. Tender Document Fee and EMD is to be paid via Online E-Payment Gateway Mode Only. EMD Exemption Certificate shall not be considered. The information of E-Payment Gateway is available on E-Tendering website https://mahatenders.gov.in

Out ward No 3700/A.B./T.C./Tender Notice/2026 Date. 27.10.2026
Office of the Executive Engineer
Public Works Division, Aheri Road Allapalli
Ta. Aheri Dist. Gadchiroli 442703 (M.S.)

Chandrashekhar G. Salodkar)
Executive Engineer
Public Works Division
Allapalli
आर ओ सी - 2026-27 क्र.5/सी 3545

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला-मुंगेली (छ.ग.)
न्यू कलेक्टोरेट भवन, कक्ष क्र. 221/226
फोन नं.-07755-264122 ईमेल-actdmungeli@gmail.com

क्रमांक/आ.वि./निर्माण/2026-27/3313 **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना** / मुंगेली, दिनांक 22/10/2026

छत्तीसगढ़ शासन के राज्यपाल की ओर से मोहरबंद निम्न कार्य हेतु फार्म "अ" में भवन कार्य हेतु जारी प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा जारी दिनांक 20.04.2026 से प्रभावशील दर अनुसूची पर आधारित छ.ग. शासन, लोक निर्माण विभाग में सिंगल विन्डों में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में पंजीकृत डॉक / स्पीड पोस्ट से कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

महत्वपूर्ण निर्देश :-
1. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि/समय-06.11.2026 कार्यालयीन समय दोपहर 3.00 बजे सायं 4.00 बजे
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय-13.11.2026 3. निविदा खोलने की तिथि/समय-18.11.2026
4. कार्य पूर्ण करने की अवधि-03 माह, 5. ठेकेदार की श्रेणी- सक्षम श्रेणी या उससे उपर, 6. निविदा प्रपत्र का मूल्य-750/300/-

क्र.	कार्य का नाम	संस्था का नाम	कार्य की संख्या	स्वीकृत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य-1	प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास निवासखर	1	2.00	2200	300/-
2	नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य-2		1	1.60	2000	300/-
3	नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य-3		1	1.40	2000	300/-
4	नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य-1	आदिवासी बालक आश्रम कुकुसदा	1	2.00	2200	300/-
5	नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य-2		1	2.00	2200	300/-
6	नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य-1	पी एम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा, लोरमी	1	9.50	6500	750/-
7	नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य-2		1	8.50	6400	750/-
		योग -		27.00	23500	

उपरोक्त निविदा आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास छ.ग. रायपुर का स्वीकृत आदेश पत्र क्रमांक/GENES/31580/2026/-TADP ST & SC HOD नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 09.07.2026 द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति जनजातीय कार्य मंत्रालय NESTS नई दिल्ली का पत्र क्रमांक/NESTS/FINANCE/EMRSSOCIENTIESFINANCE/160/2021-22 DATE 14-07-2026 (Comp. No. 29348 द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए स्वीकृत कार्यों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

टीप:- शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास, मुंगेली
जी-262704337/4

प्रथम पृष्ठ का शेष

अमित शाह की...

पर राज्य अलंकरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रदेश की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।
राज्योत्सव के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और बॉलीवुड संगीत के संगम की साक्षी बनेगी। मुख्य मंच पर पद्मश्री उषा बारले की पंडवानी प्रस्तुति और प्रसिद्ध पार्श्व गायक अभिजीत भट्टाचार्य के गीत आकर्षण का केंद्र होंगे। वहीं शिल्पग्राम में प्रदेश के अलग-अलग अंचलों के कलाकार लोकनृत्य, लोकसंगीत, भजन, कथक और नाट्य प्रस्तुतियां देंगे।
शिल्पग्राम में होंगी दस सांस्कृतिक प्रस्तुतियां: राज्योत्सव के अंतिम दिन शिल्पग्राम में दोपहर 3 बजे से दस सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। इसमें पंथी नृत्य, आदिवासी लोकसंगीत, कथक, भजन, सूफी संगीत और नाट्य विधाओं का समावेश रहेगा। रायपुर की आस्था भट्ट भजन गायन करेंगी, दुर्गा की आरती बारले पंथी नृत्य प्रस्तुत करेंगी और कबीरधाम के राकेश सेन लोकमंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ की परंपराओं की झलक दिखाएंगे। दिनेश कुमार जांगड़े पंथी नृत्य और पूर्णिमा साहू जसगीत एवं जगराता भजनों की प्रस्तुति देंगी। वहीं अभिषेक सोनकर आदिवासी लोकसंगीत एवं नृत्य प्रस्तुत करेंगे। दीपाली पाण्डेय कथक समूह नृत्य और अनुष्णा रॉय चौधरी कथक की प्रस्तुति देंगी। वृद्धमन वचस्पति भारती सूफी संगीत से दर्शकों को रूबरू कराएंगे, जबकि आनंदकुमार पाण्डेय की नाट्य प्रस्तुति भी कार्यक्रम का हिस्सा होगी। स्थानीय कलाकारों को मिल रहा राष्ट्रीय मंचः पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की कला, संस्कृति, लोकपरंपराओं और जनजातीय विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। राज्योत्सव स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के साथ छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि पंडवानी, पंथी, सुआ, करमा, लोकगीत और आदिवासी नृत्य जैसी विधाएं प्रदेश की विशिष्ट पहचान हैं। राज्योत्सव में राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच दिया गया है। तीन दिनों में शिल्पग्राम में कुल 30 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। प्रतिभाओं के सम्मान के साथ संस्कृति का उत्सवः राज्योत्सव का समापन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राज्य अलंकरण के माध्यम से प्रदेश की प्रतिभाओं और उपलब्धियों को भी सम्मानित किया जाएगा। लोककलाओं, शास्त्रीय नृत्य, जनजातीय संस्कृति और बॉलीवुड संगीत की प्रस्तुतियों के साथ नवा रायपुर का राज्योत्सव मैदान छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता का केंद्र बनेगा।

शाह की राहुल को...

बनाई? उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी केवल 'प्रतीकात्मक संसद' (मॉक पार्लियामेंट) में ही प्रधानमंत्री बन सकते हैं। शाह ने यहां भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करते हुए कहा, राहुल हाथ में संविधान तो रखते हैं, लेकिन संविधान का सम्मान नहीं करते। राहुल जी, आप संसद को चलने नहीं देते। चाहे ईवीएम का मुद्दा हो, घुसपैठियों का मामला हो या कोई और बात, मैं आपको हैदराबाद से चुनौती देता हूं। हम संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार हैं। आइए, चर्चा करें। उन्होंने कहा, हम मतदाता सूची से हर घुसपैठिए को हटा देंगे। शाह ने कहा कि अगर संसद का सत्र बुलाया जाता है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'कांग्रेस के परखच्चे उड़ा देंगे।' उन्होंने कांग्रेस पर अराजकता के जरिए सुर्खियों में बने रहने की चाहत रखने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि विपक्ष के एसआईआर विरोध के जवाब में भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसका पहला चरण 22 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक चलेगा। कांग्रेस की रैली को बताया घुसपैठिया बचाओ रैलीः शाह ने जनसभा में कहा, कल दिल्ली में भी एक रैली हुई थी, राहुल जी की रैली हुई थी। उन्होंने कहा कि यह वोट बचाओ रैली है... अरे कांग्रेस वालों ये वोट बचाओ रैली नहीं थी, घुसपैठिया बचाओ रैली थी। कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है, लेकिन मैं आज कहने आया हूं, राहुल जी, रेवंत रेड्डी जी, जितना जोर लगाना है लगा लो, भाजपा एक-एक घुसपैठिये को मतदाता सूची और देश से बाहर निकालकर रहेगी।

महादेव सट्टे के...

ऐप मामले में आरोपी है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियां लंबे समय से कार्रवाई कर रही हैं। सौरभ चंद्राकर के खिलाफ सीबीआई ने 13 प्रकरण दर्ज किया है। इसके अलावा ईडी मनी लॉन्ड्रिंग तथा हवाला नेटवर्क की जांच कर रही है। अब सीबीआई मामले में जांच और कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। सौरभ चंद्राकर महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में दो सीबीआई केस में वांछित है। इन दोनों मामलों में सीबीआई पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके अलावा ईडी के एक मामले में भी उसके खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल की जा चुकी है। कोर्ट ने सीबीआई के पक्ष में सुनाया फैसला : बचाव पक्ष की दलीलों के बावजूद, दिल्ली की कोर्ट के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज निखिल चोपड़ा ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सीबीआई को सौरभ चंद्राकर की दो दिन की ट्रांजिट रिमांड दे दी। इसके बाद सीबीआई की टीम आगे की कार्रवाई और वहां की विशेष अदालत में पेश करने के लिए उसे मंगलवार को रायपुर लेकर आएगी।

त्रिवेदी बोले-कांग्रेस पार्टी...

तो आप देखिए, मोदी जी का नेतृत्व अगर नहीं होता, तो अगल में देखिए, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, शक्तिशाली देश देखिए, फ्रांस, इटली, स्पेन, बेल्जियम, अल्बानिया, क्या हो रहा है? इवन कैपिटल हिल और ब्लैक लाइव्स मैटर्स जैसे उग्र आंदोलन अमेरिका जैसे देश में हो गए। उसके बाद भारत में कुछ हो नहीं पा रहा है, तो इसलिए नहीं हो पा रहा है कि मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एनडीए की सरकार है। इसको आप ऐसे समझिए कि दुनिया के समंदर में सुनामी आई हुई है, अगल बगल के जहाज पलट गए हैं, हमारे जहाज पर हिचकोले लग रहे हैं, तो यह आरोप यह नहीं कहेंगे कि दुनिया में लहरें चल रही हैं षड्यंत्र की, यह कहेंगे कि जहाज के कप्तान को, कप्तान की वजह से हम बचे हुए हैं। तो मैं मोदी जी की तरफ से विपक्ष के लिए कहना चाहूंगा, हमें इल्जाम मत दीजिए, बहुत अफसोस होता है। बड़ी तरकीब से कश्ती यहां तक ले आए हैं, बदल देते हैं हम दरिया की लहरें अपनी हिम्मत से, आंधियों में भी अक्सर चराग हमने जलाए हैं।
0 जब अराजकता नहीं है, तो आप जैसा विद्वान प्रवक्ता जिस पार्टी का हिस्सा है, वो इस प्रकार का अभियान क्यों लेकर आ रहा है?
00 मैं बताना चाहता हूं। देखिए, दुनिया में जहां कहीं उपद्रवियों ने बवाल किया, यूरोप से लेकर हमारे पड़ोसी देशों तक, मगर भारत में आपको पहली बार दिखाई पड़ा कि एक नेता प्रतिपक्ष उतरता है और दौड़कर आकाशवाणी के अंदर घुस जाता है। नेशनल ब्रॉडकास्टर के अंदर कौन जाता है? उपद्रवी। मैं शब्द नहीं प्रयोग करना चाहता, जो लोग आतंकवाद टाइप की गतिविधियां करते हैं। आप सुनते हैं ना कि नेशनल ब्रॉडकास्टर के अंदर घुस गए। अब आप आइए, प्रधानमंत्री आवास के सामने जाकर लोटपोट हो जाता है, सड़क पे लेट जाता है। सर्वोच्च न्यायालय के ऊपर वो निकाल देता है। तो जनता कहीं नहीं साथ में है। उन्होंने सोचा था कि युवा निकलेंगे, ये होगा, कुछ हुआ नहीं, तो मैं ही जाकर करना शुरू कर दूं। तो वो अपनी तरफ से यह अराजकता लाने का प्रयास और अराजकता सिर्फ सिर्फ राजनीतिक नहीं है, अराजकता धर्म और संस्कृति के खिलाफ भी है।
0 आप लोग तो लगातार यह बताते थे कि जो राहुल गांधी हैं, इनको कोई गंभीरता से नहीं लेता। धारणा बदल गई आपकी? इरादा बदल गया? सोच बदल गई? ये राहुल गांधी को लेकर इतने बड़े-बड़े कैंपेन अब भारतीय जनता पार्टी लेकर आ रही है?
00 देखिये, मैं कह रहा हूं, प्रधानमंत्री आवास के सामने लोटपोट होने वाला व्यक्ति, आकाशवाणी में घुस जाने वाला व्यक्ति और जो खुद यह कहे कि मेरी बहन ने मुझसे पूछा, ब्रो, प्लानिंग क्या है? उन्होंने कहा, प्लानिंग कुछ नहीं करनी है, अब अपने आप हो जाएगा। वो व्यक्ति जिसने सत्ता में रहते हुए अध्यादेश फाड़ा, वो व्यक्ति जिसने संसद में प्रधानमंत्री जी के गले पड़ने के बाद अपनी कुर्सी पर बैठकर आंखों से गोली मारी, मुझे नहीं लगता देश की जनता उसको गंभीरता से लेता है। हां, हम राहुल गांधी के खिलाफ नहीं हैं, ना व्यक्तिगत रूप से, ना कांग्रेस पार्टी से। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी भारत विरोधी शक्तियों का मुखौटा बन गए हैं, हम इसलिए सावधान करना चाहते हैं कि इस मुखौटे पर मत जाइए, पीछे छुपे असली खतरे को पहचानिए। और राहुल गांधी जाने-अनजाने में आज उन शक्तियों का टूल बन गए हैं पूरी तरीके से। और उसके लिए वो एक लंबा पॉडकास्ट हो जाएगा कि अगर हम लोग उसके एक-एक उदाहरण बताएं, जिस जिस प्रकार के संगठनों से वो जुड़े रहे हैं, जिस प्रकार की चीजों के, अब उनके प्रूफ हैं कि अप्रैल 2025 में वो जिस संगठन से मिले, उस संगठन की सोर्सेस क्या है? अब फेडरेशन फॉर डेमोक्रेटिक लीडर्स एशिया-पैसिफिक', इसकी को-चेयर सोनिया गांधी जी हैं, उसके स्पॉन्सर्स में जॉर्ज सोरेस हैं। कहीं कोई समस्या नहीं है। बताइए, भारत में भाजपा और कांग्रेस दोनों में इस बात पर तो एकमत थी ना कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। फिर राहुल गांधी लद्दाख में उमर से क्यों मिलते हैं जो कहते हैं 'कश्मीर इंडिपेंडेंट है'? तो इसका मतलब आप कांग्रेस के नेता नहीं हैं, आप भारत विरोधी शक्तियों के नेता हैं। और ना कांग्रेस का भी ये स्टैंड था कि कश्मीर भारत का अभिभाज्य अंग है। फिर आप ऐसी शक्तियों से जाकर मिलेंगे तो क्या कांग्रेस ने कह दिया कि कश्मीर भारत का अंग नहीं है? राहुल गांधी उन शक्तियों के साथ जाकर खड़े हुए।

अर्नब के बाद...

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि भीषण चक्रवाती तूफान 'मुरासु' 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। यह तमिलनाडु के चेन्नई से लगभग 200 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व, आंध्र प्रदेश के नेल्लोर से 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व, मछलीपट्टनम से 270 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व, कवाली से 220 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व और ओंगोल से 260 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में केंद्रित था।

जीएसटी विभाग के...

ठहराया था। कमेटी की रिपोर्ट और अनुशंसा के आधार पर राज्य सरकार ने पदोन्नति प्रक्रिया को रद्द कर दिया था। राज्य सरकार के इस फैसले को चुनौती देते हुए लिपिक से सब इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत सभी 42 कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। दरअसल इन कर्मचारियों को 2021 और 2022 में हुई सीमित भर्ती परीक्षा के जरिए लिपिक पद से वाणिज्यिक कर निरीक्षक बनाया गया था। बाद में इस भर्ती परीक्षा को लेकर शिकायतें सामने आई। इसके बाद जांच कराई गई। जांच में परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करने वाली कई गड़बड़ियां मिलीं। चयनित कर्मचारियों की कॉपियों में एक जैसे जवाब पाए गए। कुछ मामलों में दोबारा जांच के बाद अंक बढ़ने की बात भी सामने आई। वहीं, परीक्षा में कौन-कौन कर्मचारी शामिल हुए थे, इसका उपस्थिति रिकॉर्ड भी नहीं मिला।

उत्तर-पुस्तिकाओं में...

से भी काफी हद तक मिलते थे। इसके साथ ही जीएसटी की धाराओं और नियमों से जुड़े सवालों के जवाब में भी ऐसी समानता पाई गई। गणित के कुछ सवालों में बिना रफ वर्क किए सीधे उत्तर लिखे मिले। डॉ. खूबचंद बघेल की जीवनी पर पूछे गए निबंध में भी कुछ चयनित कैंडिडेट्स के जवाब एक जैसे पाए जाने की बात सामने आई। जांच के दौरान परीक्षा केंद्र की उपस्थिति पंजी ही नहीं मिली। ऐसे में यह साबित करने वाला मूल रिकार्ड उपलब्ध नहीं था कि परीक्षा में कौन-कौन उम्मीदवार शामिल हुए थे।

अब जमानत मामलों...

जमानत याचिका पर जिस बेंच में सुनवाई होगी, पहली तारीख से दो महीने के भीतर जमानत आवेदनों का निपटारा करने की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही अग्रिम जमानत के आवेदनों को छह सप्ताह के भीतर निपटाने का प्रयास किया जाएगा तो अनावश्यक गिरफ्तारी पर रोक लगाने कहा गया है। प्रभारी रजिस्ट्रार द्वारा जारी नोटिफिकेशन में लिखा है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 225 और 227 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय नियम, 2007 में जरुरी संशोधन करता है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसमें नियम 120 के मौजूदा उप-नियम (3) के स्थान पर उप नियम जोड़ा गया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अब जमानत याचिकाओं पर फैसले के लिए टाइम लिमिट तय कर दिया गया है। अधिसूचना से साफ है कि जमानत आवेदनों पर अब छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में सुनवाई की पहली तारीख से अधिकतम दो महीने के भीतर फैसला सुनाया जाएगा। दरअसल सत्येन्द्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई, 2022 के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए देशभर के हाईकोर्ट को इस पर अमल करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने देश की सभी अदालतों में जमानत याचिकाओं के त्वरित निपटारे के लिए यह समयसीमा तय की है। **अनावश्यक स्थगन पर रोक, देरी का कारण बताना होगा**- एसओपी में सुनवाई के दौरान अनावश्यक स्थगन यानी तारीख बढ़ाने पर रोक लगाई गई है। केवल अधिवक्ताओं के अनुरोध पर मामलों को नहीं टाला जाएगा। असाधारण परिस्थितियों में ही अदालत अगली तारीख तय कर सकेगी। ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी को आदेश में स्थगन का ठोस कारण दर्ज करना होगा। यदि कोई जमानत याचिका दो महीने से अधिक समय तक लंबित रहती है, तो संबंधित न्यायाधीश को आदेश पत्र में देरी का स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य लंबित मामलों की निगरानी बढ़ाना और समय पर सुनवाई सुनिश्चित करना है।

अनावश्यक गिरफ्तारी...

आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने बाद की सुनवाइयों में यह भी स्पष्ट किया कि वाट्स या सोशल मीडिया पर मनमाने तरीके से भेजे गए नोटिस कानूनी तौर पर हर परिस्थिति में मान्य नहीं है और गिरफ्तारी केवल अंतिम विकल्प होना चाहिए।

धनतेरस की उड़ानें...

वालों को 14 हजार देना पड़ रहा है, तो हैदराबाद और बेंगलुरु से घर आने 18 हजार रुपए में टिकट बुक करानी पड़ रही है। इंजीयनरिंग की पढ़ाई के लिए पुणे में जाने वाले छात्रों को दिवाली पर घर लौटने के लिए 20 हजार रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ में होगा...

मंत्री प्रल्हाद जोशी तथा केंद्रीय विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक भी उपस्थित रहे। समिट में मुख्यमंत्री साय ने बताया कि इस निवेश में 23,923 मेगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 1 लाख 33 करोड़ रुपए तथा अतिरिक्त ताप विद्युत क्षमता विकसित करने के लिए लगभग 3.27 लाख करोड़ रुपए का निवेश शामिल है। राज्य का लक्ष्य वर्ष 2030 तक हरित ऊर्जा क्षमता को वर्तमान लगभग 3,000 मेगावाट से बढ़ाकर 15,000 मेगावाट करना है। इसके साथ बिजली की कुल मांग में हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी मौजूदा लगभग 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 45 प्रतिशत से अधिक करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के वर्ष 2030 तक गैर-पारंपरिक स्रोतों से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन के राष्ट्रीय लक्ष्य में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण योगदान देगा। राज्य में 28 हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र पहले से स्थापित हैं। ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए ताप विद्युत के साथ सौर, जलविद्युत, बायोमास और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का संतुलित विस्तार किया जाएगा। **वैश्विक निवेशकों के सामने छत्तीसगढ़ की ऊर्जा क्षमता**-समिट के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के स्टॉल का अवलोकन किया। यहां राज्य की ऊर्जा परियोजनाओं, नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों, तकनीकी पहलों और निवेश संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद कर राज्य की नीतियों, उपलब्ध संसाधनों और परियोजनाओं में भागीदारी के अवसरों की जानकारी दी। **छत्तीसगढ़ समेत 13 राज्यों की प्रस्तुति**- 2 से 5 नवंबर तक आयोजित इस वैश्विक समिट में 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधि तथा 40 से अधिक मंत्री, नीति निर्माता, निवेशक और उद्योग जगत के प्रमुख शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम सहित नौ कंट्री पार्टनर के रूप में सहभागी बनेंगे। आज छत्तीसगढ़ सहित 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने भी अपनी ऊर्जा क्षमता और निवेश के अवसर प्रस्तुत किए। 'निवेश, नवाचार और प्रेरणा' थीम पर आयोजित इस आयोजन में छत्तीसगढ़ ने अपनी पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन क्षमता के साथ हरित ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में भावी निवेश की संभावनाओं को वैश्विक निवेश समुदाय के सामने रखा।

16 निजी अस्पतालों...

की गई है। इनमें रायपुर जिले के 8 अस्पताल शामिल हैं। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के पैकेज का ज्यादा लाभ कमाने के लिए निजी हास्पिटल हर तरह की गड़बड़ी कर रहे हैं। इनमें दूरस्थ इलाकों से एजेंट के माध्यम से मरीज मंगाए जा रहे हैं और गलत पैकेज के जरिए उनका इलाज किया जा रहा है। इसी तरह सामान्य मरीजों को गंभीर बताकर आईसीयू में इलाज का पैकेज ब्लॉक किया जा रहा है। निशुल्क इलाज की इस योजना में मरीजों से कम पैकेज का बहाना बनाकर अतिरिक्त राशि की वसूली की जा रही है। इसी तरह की लंबी शिकायतों के आधार पर आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना की स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने 30 सितंबर को रायपुर के अलावा बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर, कबीरधाम, कोंडागांव और कोरबा के कई हास्पिटलों में दबिश दी थी। इस दौरान कई अस्पतालों में गड़बड़ियां मिली थीं। जांच के दौरान अस्पतालों से योजना से संबंधित कई दस्तावेज जब्त किए गए थे। लंबी जांच के बाद इन अस्पतालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर विभागीय टीम ने संचालक एवं आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ संजीव कुमार झा के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की। अतिरिक्त राशि लेने की शिकायतों की पुष्टि होने पर 10 अस्पतालों को एक-एक साल और अन्य तरह की गंभीर गड़बड़ी के मामले में 6 अस्पतालों को तीन-तीन साल के लिए योजना से निलंबित किया गया है।

किस तरह की...

इलाज पर कोई जांच नहीं, 3 साल बैन-, अनंत साईं अस्पताल, तेलीबांधाः- ओडिशा से मरीज बुलाने और सामान्य शिकायतों को गंभीर बताकर लाज का पैकेज ब्लॉक, 3 साल बैन, पल्स अस्पताल, भिलाईः- एजेंट के जरिए मरीज बुलाकर इलाज करना, हितग्राहियों से बाहर से दवा गाना, रचित दस्तावेज, 3 साल बैन, महावीर अस्पताल शंकर नगरः- योजना के हितग्राही मरीज से 80 हजार रुपए अतिरिक्त लिए। जीकृत स्थान से अलग स्थान संचालन, 1 साल बैन, एसके केयर हास्पिटल, पचपेड़ीनाकाः-ज्यादातर मरीजों को निमोनिया बताकर अस्पताल में भर्ती कर इलाज, 1 साल बैन, जय जगन्नाथ अस्पताल, कबीरधामः- मरीजों से अतिरिक्त राशि ली गई, जांच में सही पाया गया, 1 साल बैन,अशोक प्रसूति मंदिर, बिलासपुरः- गलत पैकेज से इलाज, दस्तावेजों में भी मिलीं कमियां, 1 साल बैन,नेताम हास्पिटल, कबीरधाम, हरिकृष्णा केयर हास्पिटल, कोरबा, केयर एंड केयर हास्पिटल, बिलासपुर के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

दर-दाँत (गम पेंट) असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है-स्टोर्स में एकाउन्ट एवं सेल्स कार्य करने के लिए स्मार्ट युवती की आवश्यकता है वेतन 6000 से 10000 तक सम्पर्क करें- बंसत विहार चौक राजकिशोर नगर बिलासपुर 8962881411, 9826163818 **(42229)**

आवश्यकता है-नेहरू चौक, बिलासपुर में घर में खाना बनाने (कुक) हेतु महिला/पुरुष की आवश्यकता है। खाना बनाने का अनुभव आवश्यक। महिला को प्राथमिकता। समय दोपहर 2बजे के बाद। सम्पर्क- 8839295358 **(42230)**

आवश्यकता है-जगत फार्मा को दवाई दुकान के लिए मेहनती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद- एकाउंट्स एसोसिएट, पिकर, चेकर, पैकर,लोकल डिलीवरी स्थान- होटल अजीत के पीछे, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा बिलासपुर **(42231)**

आवश्यकता है-दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक गेट नं.-1 बुधवारी बाजार बिलासपुर 93006 35599 **(42212)**

आवश्यकता है-होटल में कार्य करने हेतु रिसेप्शनिस्ट- 3पद एवं हाउस कीपिंग स्टाफ- 6पद (डे/नाईट) की आवश्यकता है। अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों सम्पर्क करें- 8770752557 **(42213)**

आवश्यकता है-फ्लाई ऐश ब्रिक्स, कवर ब्लॉक, पेवर ब्लॉक आदि प्रोडक्ट की मार्केटिंग हेतु युवक की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- होटल मंगलश्री, विहान मेडिकल के ऊपर, मुंगेली नाका बिलासपुर 88786 01222 **(42225)**

आवश्यकता है-सोशल मीडिया हैंडलर्स चाहिए जो फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप का अच्छा जानकार हो। वेतन 10000 से 20000 पता- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैंड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 **(42226)**

आवश्यकता है-होटल में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़का चाहिए। वेतन 12000 से 25000 (समय सुबह 8बजे से शाम 8बजे) पता- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 **(42227)**

आवश्यकता है- (1) सुरक्षा गार्ड-28 वेतन 17000 (2) कप्यूटर ऑपरेटर-3 अनुभव 2वर्ष टेंडर कार्य, ऑन लाइन, जेम, ऑफ लाइन वेतन 20000 (3)मार्केटिंग ऑफिसर -4 वेतन 40000 अनुभव 3वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/MBA सम्पर्क करें- Alert sgs private limited कार्यालय : प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर (छ.ग.) 7746000016,77470 00016 **(815)**

आवश्यकता है-कपड़े एवं रेडीमेड दुकान हेतु लड़के एवं लड़कियों तथा सिलाई कारीगर लेडीज एवं जेन्ट्स की आवश्यकता है सम्पर्क करें- इंडिया हाउस काली मंदिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9522011711 **(42223)**

आवश्यकता है-शादी कार्ड शोरूम में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- उपहार कार्ड कलेक्शन सीएमडी कॉलेज के पास पुरुषोत्तम भवन लिंक रोड़ बिलासपुर **(42221)**

आवश्यकता है-सनराइज पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली से छठवीं तक हिन्दी अंग्रेजी एवं गणित की शिक्षिका की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9बजे से दोपहर 12बजे तक 9691700427 **(42207)**

आवश्यकता है-बर्तन दुकान में कार्य हेतु 2 लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 4अंको में। पता- घर संसार, नरेश बाजार के सामने, बजरंग कॉम्प्लेक्स के पास, पुराना बस स्टैण्ड, तेलीपारा बिलासपुर 7999822285 **(42216)**

आवश्यकता है-होटल के किचन में बर्तन धोने हेतु नाइट शिफ्ट में हाउस कीपिंग स्टाफ (पुरुष/ महिला) चाहिए। सम्पर्क करें- होटल विस्तारा SBI के ऊपर, काली मन्दिर के पास, तिफरा, बिलासपुर 9301577078 **(42222)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM

आवश्यकता है-घर के लिए अनुभवी पुरुष कुक चाहिए, जिन्हें शुद्ध शाकाहारी एवं मल्टीकुजीन खाना बनाना आता हो। यादव एवं ब्राह्मण को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- आरएसबी कम्पाउंड, नया सरकंडा, बिलासपुर 78798 58767, 7223890879 **(42218)**

आवश्यकता है-लेडिज रेडीमेड शोरूम में कार्य करने हेतु बिलिंग, फोल्डिंग एवं सेल्समैन के लिए लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- सदर बाजार बिलासपुर 9993237937 **(42214)**

आवश्यकता है-बिलासपुर शहर में कार्य करने हेतु 15 से 20 सेल्स एग्जीक्यूटिव युवक/युवती एवं एक एडमिन (डिजाइनर) की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता- ग्रेजुएशन, वेतन योग्यता अनुसार रिज्यूम व्हाट्सएप्प करें- 9111124555 **(42210)**

आवश्यकता है-राज्य के सभी जिले के सभी ब्लॉक में सीसीटीवी लगाने के लिए फ्रेशर और अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9183887992, 7777887991 **(105)**

बेचना है

बेचना है-कमर्शियल हॉल 630वर्गफीट एवं 12×22 की दुकान बहुत वाजिब कीमत में तुरन्त बेचना है सर्वसुविधा युक्तपरिसर, चकरभाठा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट और बिलासपुर एयरपोर्ट के नजदीक सम्पर्क -9826130163 8770523386 **(42227)**

बेचना है-251/- मात्र सस्ते में प्लाट बेचना है वृन्दावन फार्म्स के पास सेमरताल कोनी में 15696 वर्गफिट एवं आरटीओ कार्यालय के आगे उरतूम (लगरा) में 13080 एवं 16132 वर्गफिट शानदार प्लाट। तत्काल रजिस्ट्री में खर्च फ्री। खरीदार सम्पर्क करें- 9406441535, 93008 78897 **(42215)**

बेचना है-मिलन चौक काली मन्दिर, कुदुदण्ड स्थित इंजीनियर कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान जमीन के रेट से बेचना है। कृपया सम्पर्क करें- 7648017211 **(42188)**

बेचना है-कोरबा- उरगा मुख्य मार्ग पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी बरबसपुर में एक LIG फ्लैट (मध्य तल) का बेचना है सम्पर्क करें- 9425283727, 9424165378 **(42224)**

बेचना है-भारत माला प्रोजेक्ट के पास नेशनल हाईवे 130A रोड से लगा 150 फ्रंट बाऊंड्री वाल से घिरा लिमतरा खैरा रोड पर स्थित (एक एकड़) जमीन शीघ्र बेचना सम्पर्क करें- 8349054531 **(42185)**

बेचना है-व्यापार विहार बिलासपुर में एक कमर्शियल प्लाट साईज 375 वर्गफीट एवं सिरगिट्



मेसी के गोल से इंटर मियामी की जीत, गोल्डन बूट की दौड़ में आगे

एजेंसी ▶▶| फॉक्सबोरो

लियोनेल मेसी ने एक बेहतरीन असिस्ट और मैच के आखिर में किए गए गोल की मदद से इंटर मियामी को न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने अगले साल होने वाले कॉन्काकैफ चैंपियंस कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत से मियामी एमएलएस कप प्लेऑफ से पहले ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में नंबर 2 सीड की स्थिति में पहुंच गई है। इस सीजन में मेसी के नाम अब 26 गोल और 16 असिस्ट हो गए हैं। इसके साथ ही वह लगातार तीसरी बार एमएलएस एमवीपी अवार्ड और लगातार दूसरी बार 'गोल्डन बूट' जीतने की रेस में सबसे आगे हो गए हैं।



पहले 45 मिनट में कड़ा मुकाबला

पहले 45 मिनट तक दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा और हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इस दौरान इंटर मियामी को 28वें मिनट में एक अच्छा मौका मिला, जब मेक्सिकन खिलाड़ी बर्टेरामे ने बॉक्स के बाईं ओर से बाएं पैर से शॉट मारा, जिसे न्यू इंग्लैंड के गोलकीपर मैट टर्नर ने बचा लिया।

इंटर मियामी ने दिखाया शानदार टीम वर्क

दूसरे हाफ में, 53वें मिनट में डेनियल गाजदाग के गोल की बदौलत मेजबान टीम (न्यू इंग्लैंड) ने खाता खोला। 69वें मिनट में इंटर मियामी ने शानदार टीम वर्क दिखाते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। सेगोविया ने बॉक्स के अंदर एक 'लॉब' पास दिया, जिस पर मेसी ने हेडर से गेंद को बर्टेरामे की तरफ बढ़ाया। बर्टेरामे ने बॉक्स के बीच से एक जोरदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। यह इस रेगुलर सीजन में बर्टेरामे का 10वां गोल था, जबकि मेसी का यह इस लीग सीजन का 16वां असिस्ट रहा।


इंटर मियामी ने पलटा मैच का पासा

83वें मिनट में इंटर मियामी ने मैच का पासा पूरी तरह से पलटा। एक बेहतरीन पासिंग सीक्वेंस के बाद मेसी ने निर्णायक गोल किया। सुआरेज ने बॉक्स के बाहर बीच में मेसी को गेंद दी, जहां अर्जेंटीना के इस स्टार खिलाड़ी ने तीन डिफेंडरों को छकाया। इसके बाद सेगोविया के साथ मिलकर वह बॉक्स के अंदर पहुंचे और एक सटीक शॉट के जरिए गेंद को गोल पोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचा दिया।

मेसी के कुल गोल की संख्या हुई 26

इस गोल के साथ मेसी के कुल गोल की संख्या 26 हो गई है, जिससे वह एमएलएस 2026 गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। वहीं, इस रेगुलर सीजन में सेगोविया के असिस्ट की संख्या 12 हो गई है। इसके बाद 1-2 की स्कोरलाइन अंतिम सीटी बजने तक कायम रहा, जिससे इंटर मियामी ने अपने घर से बाहर खेलते हुए तीन अंक हासिल किए।

खबर संक्षेप



चेक ओपन स्क्वाश के फाइनल में सेंथिलकुमार

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ब्रनो में चल रहे 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चेक ओपन के फाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसॉर्ड को सीधे गेम में 11-7, 12-10, 11-1 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के आठवीं वरीयता प्राप्त जेरेमियास अज़ाना को 11-3, 11-8, 11-7 से और दूसरे दौर में ब्राजील के डिएगो गोब्बी को 11-4, 11-7, 11-2 से हराया था। उन्हें पहले दौर में बाइ मिली थी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले सेंथिलकुमार खिताबी मुकाबले में यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन से भिड़ेंगे।

जम्मू कश्मीर ने जीती बधिर टी20 चैंपियनशिप



सूरत। जम्मू कश्मीर ने फाइनल में राजस्थान को हराकर बधिरों की आईडीसीए 10वीं टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में 14 राज्यों की टीमों ने भाग लिया था, जो भारत में बधिर क्रिकेट के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ बधिर क्रिकेटरों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों को अधिक मान्यता दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

वनडे सीरीज : भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे चैपमैन और रविंद्र



ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज मार्क चैपमैन और रचिन रविंद्र अभी तक चोटों से नहीं उबर पाए हैं और इस कारण बुधवार से भारत के खिलाफ होने वाली 5 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। चैपमैन अपनी हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जबकि रविंद्र अभी भी अपने कंधे की चोट से उबर नहीं पाए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'हाल में किए गए एमआरआई से पता चला है कि चैपमैन को बायीं हैमस्ट्रिंग की चोट से पूरी तरह उबरने में अभी दो सप्ताह का समय लगेगा जबकि रविंद्र दाहिने कंधे की चोट के कारण अभी अपनी पूरी क्षमता से फील्डिंग नहीं कर पा रहे हैं।'



रणजी ट्रॉफी मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमटी

हर्ष की फिरकी का कहर, एक पारी में 53 रन देकर झटके शानदार 9 विकेट

एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के फिरकी ऑलराउंडर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड के मुकाबले में 9 विकेट लेकर धूम मचा दी। विदर्भ की ओर से खेलते हुए उन्होंने मध्यप्रदेश के सामने 53 रन देकर 9 बल्लेबाजों को आउट किया। हर्ष दुबे महज एक विकेट से मध्य प्रदेश के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट करने से चूक गए। यह एक सफलता नचिकेत भुटे को मिला, जिन्होंने मध्य प्रदेश का पहला विकेट गिराया। इसके बाद के सभी नौ विकेटों को हर्ष दुबे ने गिराया। नागपुर में हो रहे मुकाबले के पहले दिन मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से अथर्व महाजन ने सबसे ज्यादा 85 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की हालत भी खराब है। दिन की समाप्ति होने तक उसके 4 विकेट



दुबे ने 4 ओवर फेंके मेडन

24 साल के हर्ष दुबे ने एमपी के सामने बॉलिंग की शुरुआत की और 23.1 ओवर फेंके. इनमें से चार मेडन रहे। उन्होंने सक्षम पुरोहित (21), चंचल राठौड़ (13), शुभम शर्मा (16), रजत पाटीदार (2), महाजन, सारांश जैन (34), अरशद खान (12), कुमार कार्तिकेय (7) और रवि किरण (1) को आउट किया। इसके जरिए हर्ष दुबे विदर्भ की ओर से रणजी ट्रॉफी में एक पारी में सबसे अच्छी बॉलिंग करने वाले बॉलर बन गए। उन्होंने अरुण ओगिराल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1967 में मध्य प्रदेश के सामने ही नागपुर में 39 रन देकर 8 विकेट लिए थे।

हर्ष ने 2022 में किया था डेब्यू

हर्ष दुबे ने 2022 में विदर्भ की ओर से फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही डेब्यू रणजी सीजन में तीन मैच खेले थे और पांच विकेट निकाले थे। इसके अगले सीजन पांच मुकाबले खेले और 23 विकेट लिए थे। वे 2024-25 के सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। तब उन्होंने 10 मैच में 16.98 की औसत से 69 विकेट लिए थे। उन्होंने पिछले रणजी सीजन में तीन ही मैच खेले थे और 14 शिकार किए थे। वर्तमान सीजन में वे अभी तक 23 विकेट ले चुके हैं और सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे कार्तिक त्यागी (उत्तर प्रदेश) और तनय त्यागराजन (हैदराबाद) हैं, जिनके नाम 24 विकेट हैं।

ईडन गार्डन में 45 ओवर में गिरे 12 विकेट, बंगाल ऑल आउट



कोलकाता। रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड में 2 नवंबर को बंगाल और महाराष्ट्र के बीच ईडन गार्डन में खेले जा रहे मुकाबले में गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। 45 ओवर के अंदर 12 विकेट गिर गए। बंगाल की टीम 36.5 ओवर में 143 रन पर ऑल आउट हो गई। विकेटकीपर अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा रन बनाए। खराब रोशनी से खेल रुकने तक महाराष्ट्र के 8 ओवर में 21 रन पर 2 विकेट गिर गए। बंगाल के लिए अभिषेक पोरेल ने 67 गेंद पर 8 चौके की मदद से 54 रन बनाए। प्रदिप्त प्रमाणिक ने 43 गेंद पर 5 चौके की मदद से 31 रन बनाए। सुदीप कुमार घरामी ने 36 गेंद पर 4 चौके की मदद से 19 रन बनाए। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 12 गेंद पर 2 चौके की मदद से 10 रन बनाए। सुदीप चटर्जी ने 21 गेंद पर एक चौके की मदद से 7 रन बनाए। इसके बाद महाराष्ट्र की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी। कप्तान पृथ्वी शॉ 21 गेंद पर 12 और दिग्विज पाटिल बगैर खाता खोले पवेलियन लौट गए। दोनों विकेट मोहम्मद शमी ने लिए। सिद्धेश वीर 7 और अंकित बवाने ने 2 रन बनाकर क्रीज पर हैं। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

चोला शतरंज इंटरनेशनल

दस साल के सरबर्थो मणि ने किया उलटफेर, ग्रीस ग्रैंडमास्टर को दी मात



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पहले चोला शतरंज इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में 10 साल के भारतीय खिलाड़ी सरबर्थो मणि ने ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। फिडे मास्टर सरबर्थो ने दूसरे दौर के मुकाबले में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर दिमित्रिस एलेक्साकिस को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में एक समय ऐसा था, जब 15वीं चाल के बाद सरबर्थो मणि की लगभग हार नजर आ रही थी। सरबर्थो मणि के प्रतिद्वंद्वी को दो प्यादों की बढ़त हासिल थी। इसके बावजूद कोलकाता के इस नन्हें खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और 58वीं चाल पर ग्रीक ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। दिलचस्प बात यह रही कि मुकाबला खत्म होने पर सरबर्थो मणि के पास घड़ी में 1 घंटा 12 मिनट का समय बचा था, जबकि दिमित्रिस एलेक्साकिस के पास महज 36 सेकंड शेष थे।

58वीं चाल में एलेक्साकिस को हराया

दिमित्रिस एलेक्साकिस के खिलाफ सरबर्थो मणि की जीत कई मायनों में खास रही। मुकाबले की 15वीं चाल तक उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी और जीत की उम्मीद भी कम नजर आ रही थी। इसके बावजूद 10 साल के सरबर्थो ने शानदार वापसी करते हुए 58वीं चाल पर ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। इस जीत के साथ उन्होंने रेटिंग के बड़े अंतर को भी गलत साबित कर दिया।

शुरुआती चालों में मुश्किल में घिर थे सरबर्थो

सरबर्थो मणि शुरुआती चालों में ही मुश्किल में घिर गए थे। वह अपने प्रतिद्वंद्वी के राजा की तरफ दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे, जबकि एलेक्साकिस शतरंज की बिसात के बीच वाले हिस्से को खोलकर हमला करने की तैयारी में थे। 15 चालों के बाद खेल का आकलन करने वाले कंप्यूटर ने ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को दो प्यादों के बराबर बढ़त दी थी।

कोरिया ओपन से हटे लक्ष्य भारतीय चुनौती संभालेंगे प्रणय



यिओसु। जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कोरिया ओपन से हट गए हैं, जिसके बाद मंगलवार से शुरू होने वाले इस 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट में अनुभवी एचएस प्रणय भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। लक्ष्य को पहले दौर में चीन के डोंग तियान याओ से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। प्रणय अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ करेंगे। 33 वर्षीय प्रणय अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और लक्ष्य की गैरमौजूदगी में पुरुष एकल में उन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। पुरुष एकल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ तिएन चेन, जापान के तीसरे वरीय कोडाई नाराओका और कनाडा के विक्टर लाई जैसे मजबूत खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे।

युवा ओलंपिक

फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला तैराक बनीं धिनिधि



एजेंसी ▶▶| डकार

भारतीय तैराक धिनिधि देसिंघु सोमवार को यहां युवा ओलंपिक की महिला 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला तैराक बन गईं।

बेंगलुरु की 16 वर्षीय धिनिधि ने अपनी हीट में 56.80 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने सभी प्रतियोगियों में तीसरे सबसे तेज तैराक के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उनसे आगे क्रोएशिया की एना बोबानोविच (56.22 सेकंड) और न्यूजीलैंड की एलिसा लॉसन (56.53 सेकंड) रहीं। युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली धिनिधि तीसरी भारतीय तैराक हैं। उनसे पहले 2018 में दो बार ओलंपिक में हिस्सा ले चुके श्रीहरि नटराज और मौजूदा सत्र में तीर्थंक पेगू यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। धि नि धि 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य थीं।

इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम का ऐलान

ब्रिस्बेन। मैट रेनशॉ और कैमरन ग्रीन को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए तेज गेंदबाजी की तिकड़ी मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और पैट कमिंस को इस महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है ताकि वह 9 दिसंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी कर सकें। ग्रीन और रेनशॉ को एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, ट्रैविस हेड और कूपर कॉनॉली के साथ 13, 15 और 18 नवंबर को होने वाले तीन घरेलू वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुना गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में खेलने वाले किसी भी खिलाड़ी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया है।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-183-26-27, दिनांकः 22.10.2026.
कार्यः सहायक मंडल अभियंता/ मध्य/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बीएसपी यार्ड में अतिरिक्त स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान। निविदा मूल्यः ₹ 8,96,57,230.55. अमानत राशिः ₹ 17,93,200.00. कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 10.11.2026 के 11.00 बजे से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 24.11.2026 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/ रीपीआर/10/पीएच/470 बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

न्यायालय तहसीलदार जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
// सूचना //
क्र. 89/तह./वा-1/2026, जांजगीर, दिनांक 29.10.2026
प्रति,
श्रीमती रिचा राठौर पति अभिषेक साहू
42/1023 देवनंदन नगर, फेस- 01 सीपत रोड, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर 24 नया रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार माननीय न्यायालय (श्री प्रवीण मिश्रा) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर के विविध दा.प्र.क्र.07/2026 पंजाब नेशनल बैंक विरूद्ध ऋचा राठौर में आवेदक पंजाब नेशनल बैंक की ओर से प्रस्तुत आवेदन अंतर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 को स्वीकार किया गया तथा आवेदक कंपनी में अनावेदक ऋचा राठौर के द्वारा बंधक रखे गए संपत्ति खसरा नंबर 3960/16 रकबा 3052 वर्गफीट मौजा जांजगीर काली मंदिर के पास प. ह.न. 47 रा.नि.मं. एवं तहसील जांजगीर, नगर पालिका परिषद जांजगीर-चैला, वार्ड नंबर 17 परशुराम वार्ड शारदा मंदिर गली चंदनीया पारा का माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के आदेशानुसार उक्त संपत्ति का भौतिक आधिपत्य आवेदक संस्था को प्रदाय किया जाना है। जिस संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः आप उक्त के संबंध में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 12.11.2026 तक न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होवें।
आज दिनांक 29.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।
तहसीलदार
जांजगीर

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेल भर्ती बोर्ड
केंद्रीकृत रोज़गार अधिसूचना (सीईएन) सं.-09/2026
आइसोलेटेड श्रेणियों के विभिन्न पदों के लिए भर्ती
(सांकेतिक सूचना)

पात्र अभ्यर्थियों से **आइसोलेटेड श्रेणियों** के विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन **केवल ऑनलाइन माध्यम** से ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए। (https://www.rrbapply.gov.in)

आवेदन आरम्भ होने की तिथि : 05.11.2026 (अनंतिम)
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 04.12.2026; 23:59 अपराह्न (अनंतिम)

पद का नाम	7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल	चिकित्सा मानक	दिनांक 01.01.2027 को आयु	अनंतिम रिक्तियां (सभी आरआरबी)
आइसोलेटेड श्रेणियों के विभिन्न पद	लेवल 2 से लेवल- 7	विस्तृत सीईएन के अनुसार	विस्तृत सीईएन के अनुसार	195 लगभग

नोट:
1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित कर लें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में होने वाली विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा एवं विलंब से बचा जा सके।
2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम एवं जन्म तिथि को 10वीं कक्षा के उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र में अंकित पूरा नाम एवं जन्मतिथि से 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो एवं नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट एवं आईरिस) के साथ अपडेट करना होगा।
3. यह सूचना केवल सांकेतिक प्रकृति की है, जिसे संभावित अभ्यर्थियों को आगामी सीईएन (CEN) के बारे में सूचित करने तथा आवेदन हेतु आवश्यक प्रमाण-पत्रों / दस्तावेजों को तैयार रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियमों, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं एवं अन्य आवश्यकताएं पूर्णतः विस्तृत सीईएन संख्या 09/2026 (साथ ही समय-समय पर जारी किए जाने वाले शुद्धिपत्र सहित) के अनुसार ही मान्य होंगी, जो विशेष रूप से सभी आरआरबी की एकीकृत वेबसाइट https://rrb.indianrailways.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी इस एकीकृत वेबसाइट से अलग-अलग आरआरबी के वेबपेज पर जा सकते हैं।

सं०-आरआरबी/गुवाहाटी/विज्ञप्ति/सीईएन/09/2026
दिनांक: 03.11.2026
अध्यक्ष
रेल भर्ती बोर्ड
"जालसाजों, दलालों, नौकरी दिलाने वालों और ठगों से सावधान रहें"

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

(1) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी- 108-26-27 दिनांकः 29.10.2026
कार्य का नामः- WRS/ रायपुर में यार्ड लाइन में ट्रैक बिछाना और यार्ड तथा फैब्रिकेशन शॉप के बीच ट्रैक कनेक्टिविटी स्थापित करना । (इस काम में मुख्य रूप से शामिल हैं: (1) WRS/ रायपुर में यार्ड और फैब्रिकेशन शॉप के बीच दो समानांतर लाइनें बिछाना) (2) आखिरी ट्रैक के साथ-साथ नाली का काम ।) निविदा मूल्यः 2,91,03,345/-, ईएमडीः 5,82,100/-

(2) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी- 110-26-27 दिनांकः 29.10.2026
कार्य का नामः- रायपुर डिवीजन के रिसामा में नई लूप लाइन का निर्माण । (इस कार्य में मुख्य रूप से निर्माण के लिए अर्थवर्क, लगभग 1300 ट्रैक मीटर ट्रैक बिछाना और अन्य संबंधित कार्य शामिल हैं।) निविदा मूल्यः 3,07,65,308.00, ईएमडीः 6,15,300/-

(3) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी- 111-26-27 दिनांकः 29.10.2026
कार्य का नामः- रायपुर डिवीजन के लाटाबोर में नई लूप लाइन का निर्माण । (इस कार्य में मुख्य रूप से निर्माण के लिए अर्थवर्क, लगभग 1600 ट्रैक मीटर ट्रैक बिछाना और अन्य संबंधित कार्य शामिल हैं।) निविदा मूल्यः 3,83,60,495.50, ईएमडीः 7,67,200/-, निविदा प्रस्तुत करनाः 11:00 बजे तक दिनांक 20.11.2026. निविदा खोलनाः 11:00 बजे दिनांक 20.11.2026.

विस्तृत विवरण/ निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय/ एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें ।
मंडल अभियंता-III/
पीआर/आर/इंजी./एएन/253 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

वीबी-जी राम जी में 100 से बढ़कर 125 दिन हुआ रोजगार का अधिकार, बदली फंडिंग और काम की प्राथमिकताएं

रायपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने वाली केंद्र सरकार की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की जगह अब विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 लागू हो चुका है। नया कानून 1 जुलाई से पूरे देश में प्रभावी हो गया है। इसके साथ ही मनरेगा अधिनियम 2005 समाप्त हो गया है।

नए कानून में जहां ग्रामीण परिवारों को मिलने वाले रोजगार की गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन की गई है, वहीं काम के स्वरूप, केंद्र और राज्य की वित्तीय जिम्मेदारी, कृषि सीजन तथा निगरानी व्यवस्था में भी बदलाव किए गए हैं।



मनरेगा अधिनियम किया गया समाप्त

कृषि सीजन में 60 दिन काम पर रोक

मनरेगा में कृषि के बुआई और कटाई सीजन में पूरे देश के लिए इस तरह की अनिवार्य 60 दिन की रोक का प्रावधान नहीं था। वीबी-जी राम ज में राज्य सरकारें बुआई और कटाई के व्यस्त सीजन में कुल 60 दिन तक योजना के काम रोकने की अवधि अधिसूचित कर सकेंगी। इसका उद्देश्य कृषि कार्यों के लिए मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

काम की प्राथमिकताओं में बदलाव

मनरेगा में जल संरक्षण, ग्रामीण संपर्क मार्ग, तालाब, कुएं और अन्य सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण पर जोर था। वीबी-जी राम जी में काम को चार प्रमुख क्षेत्रों में बांटा गया है। जल सुरक्षा और जल संरक्षण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास, आजीविका से जुड़ी परिसंपत्तियों का निर्माण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने वाले कार्य शामिल हैं।

ग्राम पंचायतों की योजना बनाने में भूमिका

मनरेगा में ग्राम सभा और ग्राम पंचायतों की स्थानीय स्तर पर काम चुनने और योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका थी। वीबी-जी राम जी में विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से स्थानीय जरूरतों को राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं से जोड़ने की व्यवस्था की गई है। योजनाओं को आपस में जोड़कर ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा।

कार्य और बजट आवंटन की व्यवस्था बदली

मनरेगा में काम की मांग के आधार पर वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था थी। वीबी-जी राम जी में केंद्र सरकार राज्यों के लिए निर्धारित मानकों के आधार पर वार्षिक बजट आवंटन तय करेगी। निर्धारित आवंटन से अधिक खर्च होने पर अतिरिक्त वित्तीय जिम्मेदारी राज्य सरकार को उठानी होगी।

तकनीक और निगरानी व्यवस्था

मनरेगा में मस्टर रोल, सामाजिक अंकेक्षण, आधार आधारित भुगतान और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं लागू थीं।वीबी-जी राम जी में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, कार्यस्थलों की जियो-टैगिंग, वास्तविक समय के डैशबोर्ड और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी पर अधिक जोर दिया गया है। पारदर्शिता और गड़बड़ियों पर नियंत्रण के लिए तकनीकी व्यवस्था का विस्तार किया गया है।

मजदूरी भुगतान की समय-सीमा

मनरेगा में मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या काम पूरा होने के अधिकतम 15 दिनों के भीतर करने का प्रावधान था। वीबी-जी राम जी में भी साप्ताहिक या अधिकतम 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान अनिवार्य किया गया है। देरी होने पर निर्धारित नियमों के अनुसार मुआवजे का प्रावधान है।

23 करोड़ साल पहले समंदर में राज करता था ये अनोखा जीव!

बीजिंग। डायनासोर के धरती पर आने से भी पहले समंदर में एक ऐसा खौफनाक जीव रहता था, जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। चीन में वैज्ञानिकों को करोड़ों साल पुराना एक जीवाश्म मिला है, जिसने समंदर की गहराइयों के एक बड़े राज से पर्दा उठा दिया है।

यह खोज मशहूर साइंस जर्नल 'नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन' में छपी है। मुख्य वैज्ञानिक यूसी डेविस के रयोसुके मोटानी और पेकिंग यूनिवर्सिटी के लिपिन डियाओ हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वैज्ञानिकों को चीन के गुइझोउ प्रांत में एक प्राचीन जीव के दो कंकाल मिले हैं। ये कंकाल लगभग पूरे सुरक्षित हैं। इस जीव का नाम 'गेरोथैरेक्स मैरिटिमस' है। यह आज से करीब 23.7 करोड़ साल पहले धरती पर रहता था, उस वक्त को ट्राइऐसिक काल कहा जाता है। इसे अब तक का पहला ऐसा उभयचर माना जा रहा है, जो जमीन या मीठे पानी में नहीं, बल्कि पूरी तरह समंदर की गहराई में रहता था।

डायनासोर से भी पुराना...



क्यों है ये खोज इतनी बड़ी?

आज दुनिया में मेंढक और सैलामेंडर जैसे 8,000 से ज्यादा उभयचर जीव हैं, लेकिन एक भी समंदर के खारे पानी में जिंदा नहीं रह सकता। वजह है उनकी पतली और नम चमड़ी। खारे पानी में जाते ही उनका शरीर सूख जाता है और वे मर जाते हैं। लेकिन, यह प्राचीन जीव इस नियम से बिल्कुल अलग था। यही कारण है कि इस खोज को साइंस की दुनिया में बहुत बड़ा माना जा रहा है।

कैसा दिखता था ये जीव?

यह जीव करीब 73.7 सेंटीमीटर लंबा था और दिखने में एक बड़े सैलामेंडर जैसा लगता था। इसका शरीर चपटा और थोड़ा डरावना था। इसके पूरे शरीर पर हड्डियों का मजबूत कवच था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यही कवच इसे समंदर के खारे पानी से बचाता था। यह समंदर की तली में छिपकर बैठा रहता था और जैसे ही कोई छोटा जीव पास से गुजरता, उसे मुंह से खींचकर खा जाता था।

क्या कहती है रिसर्च?

इस खोज से पता चलता है कि जब-जब धरती पर बड़े बदलाव आए, समंदर के जीवों ने खुद को बचाने के लिए अनोखे तरीके खोजे। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह तो बस शुरुआत है। आने वाले समय में समंदर में दबे ऐसे कई और राज सामने आ सकते हैं ,जो सभी को हैरान कर देंगे।

3300 साल तक पानी में डूबी रही और आज भी नहीं गई धार, इटली की झील से निकली कांसे की तलवार

रोम। इटली की एक प्राचीन ज्वालामुखी झील से पुरातत्वविदों ने 3300 साल पुरानी कांस्य की तलवार खोजी है। रोम और एट्रस्कन सभ्यताओं के उदय से सदियों पहले की यह तलवार पानी के भीतर पूरी तरह सुरक्षित मिली है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि 33 सदियां बीत जाने के बाद भी इसकी धार आज भी तेज बनी हुई है।



पुरातत्वविदों का अनुमान है कि इसे किसी देवता को भेंट चढ़ाने या किसी उच्च दर्जे के योद्धा के सम्मान में पानी में विसर्जित किया गया था। राजधानी रोम से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित मेजानो झील में यह दुर्लभ खोज हुई है। पिछले 50 सालों में इस झील से मिलने वाली यह तीसरी प्राचीन तलवार है।

तलवार सुरक्षित कैसे रह गई?

मेजानो झील एक प्राचीन और शांत ज्वालामुखी के क्रेटर में स्थित है। विशेषज्ञों के अनुसार यह तलवार लेट ब्रॉन्ज एज यानी ईसा पूर्व 14वीं से 13वीं शताब्दी के बीच की है। झील के गहरे पानी और तलछट के खास रासायनिक माहौल ने धातु को सड़ने या जंग लगने से बचाए रखा। इस वजह से तीन हजार साल बाद भी तलवार का ब्लेड और उसकी धार जस की तस बनी हुई है। विटर्बो और दक्षिणी एट्रुरिया के पुरातत्व विभाग ने इस खोज की पुष्टि की है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com